




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026


## मोबाइल गेम्स की ऐसी लत कि तीन बहनों ने छत से कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद/रायपुर

मोबाइल गेम की लत इंसान के दिमाग पर किस कदर हावी हो सकती है, इनका दिल दहला देने वाली उदाहरण गाजियाबाद से सामने आया है। तीन मासूम बच्चियों ने ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते अपनी जान दे दी है। फ्रांस, चीन, स्वीडन, नार्वे जैसे कई देशों ने गाइडलाइन तय की हैं, जिससे अनहोनी टल सके। चीन ने तो नाबालिगों के लिए डिजिटल कर्फ्यू घोषित कर दिया है। इधर, भारत में ऐसी कोई पाबंदी नहीं। अभिभावकों को खुद की अलर्ट रहना होगा, ताकि बच्चों के मन में मोबाइल को लेकर कोई मानसिक दबाव न हो।

गाजियाबाद में मंगलवार देर रात नौवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट की बालकनी से कथित तौर पर कूदने के बाद तीन नाबालिग बहनों की मौत हो गई। पुलिस एक ऑनलाइन कोरियन गेम की लत संबंधी पहलू की भी जांच कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त (शालीमार गार्डन) अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ये बहनें एक ऑनलाइन कोरियन गेम 'लव गेम' की आदी थीं जो 'टास्क बेस्ड' है और बच्चियों के माता-पिता ▶▶|शेष पेज 7 पर



### एक्सपर्ट कहते हैं...

#### रियल कुछ भी नहीं बच्चों को समझाना जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ डा. डीएस परिहार के मुताबिक बच्चे दोस्तों के बीच सम्मान पाने मोबाइल और उसके गेम से जुड़ जाते हैं जो धीरे-धीरे उनकी लत बन जाती है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि मोबाइल का गेम रील है, इसमें रियल कुछ भी नहीं है। माता-पिता को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने स्क्रीन टाइम फिक्स करने की आवश्यकता है।

#### पैरेंट्स को रखनी होगी नजर

आंबेडकर अस्पताल की मनोचिकित्सक डा. सुरभि दुबे ने कहा कि माता-पिता को इस बात की जानकारी रखनी चाहिए कि बच्चा मोबाइल के किस एप का ज्यादा उपयोग करता है। बच्चों में मोबाइल के बजाए स्पोर्टस अथवा खेलकूद में दिलचस्पी पैदा करने की कोशिश की जानी चाहिए। मोबाइल के गेम्स सीधे दिमाग में उत्तेजना पैदा करने वाले होते हैं। इसकी लत बहुत जल्दी पड़ जाती है। मोबाइल के लिए समय तय करने की जरूरत है।

### इन देशों में ऐसी पाबंदी

**फ्रांस**
- 3 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन लगभग प्रतिबंधित
- स्कूलों में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित
- सरकार मानती है, स्क्रीन बचपन की सामाजिकता खा रही है

**चीन**
- बच्चों के लिए गेमिंग समय सीमित
- सप्ताह में केवल 3 घंटे ऑनलाइन गेम
- रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक नो गेमिंग
- नाबालिगों के लिए डिजिटल कर्फ्यू

**स्वीडन**
- स्कूलों में डिजिटल डिटॉक्स नीति
- किताब, कागज और संवाद पर जोर
- स्क्रीन से सीखने के नकारात्मक असर को सरकारी रिपोर्ट में स्वीकार किया गया

**नॉर्वे**
- सरकार ने स्क्रीन टाइम गाइडलाइंस जारी की
- बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी और सामाजिक खेल के लिए प्रेरणा
- स्कूलों में मोबाइल का सीमित उपयोग

**यूनाइटेड किंगडम**
- स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंध बढ़ रहा
- सरकार ने माना :अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के व्यवहार और ध्यान क्षमता को नुकसान पहुंचा रहा है

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक

## 10 जिलों में एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स, गंभीर हालात को संभालने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप भी

*छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत दस जिलों में एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स बनाई जाएगी। इसके साथ ही राज्य में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह फैसला किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मादक पदार्थों की रोकथाम की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के 10 जिलों में जिला स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स के गठन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में प्रावधानित 100 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा, कबीरधाम, जशपुर, राजनांदगांव एवं कोरबा जिला शामिल हैं।



**एसओजी के लिए 44 नए पदों को मंजूरी:** मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा अंतर्गत एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) के गठन के लिए प्रावधानित 44 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। एसओजी का काम किसी भी बड़ी या अचानक हुई घटना में तुरंत मौके पर पहुंचकर हालात को संभालना और आतंकी हमला ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### छत्तीसगढ़ में अब पायलट प्रशिक्षण

*मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के विभिन्न एयरपोर्ट एवं हवाई पट्टियों में उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) की स्थापना का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया तथा इसके संचालन के दिशा-निर्देशों का अनुमोदन किया गया। इसके तहत छत्तीसगढ़ में पायलट प्रशिक्षण की सुविधा के लिए राज्य में उड़ान प्रशिक्षण संगठन की स्थापना की जाएगी। विमानन क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह संस्थान उपयोगी होगा। इससे एयरक्राफ्ट रीसाइकिलिंग, हेलीकॉप्टर बंकिंग तथा एयरो स्पोर्ट्स जैसी सुविधाएं विकसित होंगी।*

#### छत्तीसगढ़ में शुरू होगी पायलट ट्रेनिंग



#### जमीन आवंटन का अधिकार जिला कलेक्टर को

सिरपुर एवं अरपा क्षेत्र में सुनियोजित विकास और विकास कार्यों को गति देने के लिए संबंधित क्षेत्र में शासकीय भूमि के आबंटन का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं अरपा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उद्देश्य संबंधित नदी तटीय क्षेत्रों का योजनाबद्ध और समग्र विकास करना है। इसके लिए मास्टर प्लान के क्रियान्वयन, भूमि नियोजन एवं नगर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना आवश्यक है। विकास कार्यों को गति देने के लिए शासकीय भूमि का आबंटन जरूरी था।

#### छत्तीसगढ़ बनेगा प्रमुख नवाचार केंद्र

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-26 का अनुमोदन किया है। इस नीति से स्टार्टअप ईको सिस्टम के साथ-साथ इन्क्यूबेटर्स एवं अन्य हितधारकों का विकास होगा। छत्तीसगढ़ को देश में एक प्रमुख नवाचार केन्द्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। भारत सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग में सुधार होने से राज्य में निवेश का आकर्षण बढ़ेगा।

#### क्लाउड फर्स्ट नीति को स्वीकृति

*मंत्रिपरिषद ने "छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति" को प्रदेश में लागू किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति के अनुसार राज्य शासन के सभी विभाग, उपक्रम एवं स्वायत्त संस्थाएं केवल भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अनुमोदित क्लाउड सेवा प्रदाताओं या भारत में स्थित सुरक्षित डेटा सेंटर एवं डिजास्टर रिकवरी सेंटर से ही क्लाउड सेवाएं लेंगी। किसी विशेष या असाधारण आवश्यकता के लिए राज्य क्लाउड परिषद से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। नीति के तहत कम प्राथमिकता वाले एप्लिकेशन एवं आर्काइव डेटा का क्लाउड माइग्रेशन वर्ष 2027-28 तक तथा उच्च प्राथमिकता सेवाओं का माइग्रेशन 2029-30 तक किया जाएगा।*

## जज साहब, हमें इंसाफ नहीं मिल रहा... मैं सामान्य परिवार से हूं, लेकिन अपनी पार्टी के लिए लड़ रही हूं

### नए अवतार में दिखीं ममता, सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी सीएम ने की बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने वकील के रूप में केस की बहस करते हुए हिस्सा लिया। ममता बेनर्जी ने बंगाल एसआईआर मामले में न्याय न मिलने की शिकायत करते हुए लोकतंत्र की सुरक्षा की अपील की।

**ममता- मुझे 5 मिनट दीजिए... सीजेआई बोले- हम 15 मिनट देंगे**

सीएम ममता ने कहा कि कुछ बेटियां शादी के बाद ससुराल चली गई, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई ने कहा- आपने बहुत अच्छा वकील चुना है, आप उनको बहस करने दें। इस पर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने हाथ जोड़कर कहा- सेव डैमोक्रेसी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को ममता बेनर्जी एक अलग ही रूप में नजर आईं। वह वकीलों के साथ बैठकर बंगाल एसआईआर मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में बतौर वकील दलील देते हुए नजर आईं। इस दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि हमें एसआईआर के मुद्दे पर न्याय नहीं मिल रहा है। कोई भी हमारे सवालों के जवाब देने को तैयार नहीं है। ममता बेनर्जी ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा-मुझे पांच मिनट दीजिए। इस पर सीजेआई कहते हैं कि हमें कोई दिक्कत नहीं है, ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### एसआईआर को चुनौती

बनर्जी ने राज्य में मतदाता सूची संबंधी एसआईआर को चुनौती दी है और निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है, विशेष रूप से 'तार्किक विसंगति' के मामलों में, किसी अन्य दस्तावेज पर जोर दिए बिना, आधार कार्ड को पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाए।" वर्ष 2002 की मतदाता सूची से संतानों के संबंध में तार्किक विसंगतियों में माता-पिता के नाम का मेल न होना और मतदाता तथा उनके माता-पिता की आयु में 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक का अंतर होना शामिल है।

#### सीजेआई बोले- हर समस्या का होता है समाधान

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी निर्दोष व्यक्ति इससे वंचित न रह जाए। दीवान ने कहा कि कई मामलों में, तार्किक विसंगतियों के लिए नोटिस जारी किए गए व्यक्तियों के नाम गलत लिखे गए थे और इसे आसानी से सुधारा जा सकता था। प्रधान न्यायाधीश ने बंगाली बोली का जिक्र करते हुए कहा कि कभी-कभी इसकी वजह से अंग्रेजी में नामों की वर्तनी गलत हो जाती है।

### गिरावट के बाद लगातार दूसरे दिन तेजी

## चांदी तीन लाख के करीब सोना 1.65 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कीमती धातुओं ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी में अपनी तेज़ी को बरकरार रखा। इस दौरान चांदी की कीमतें बढ़कर 2.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गईं और सोना 1.65 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुख, कमजोर डॉलर ने इस उछाल में योगदान दिया। पिछले सप्ताह की भारी बिकवाली के बाद डॉलर के कमजोर होने ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### सोने के दाम में बढ़ोतरी

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, सोने और चांदी ने बुधवार को अपनी तेजी जारी रखी, सोने की कीमतें तीन प्रतिशत से अधिक बढ़ीं। लगभग 1.6 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गईं, जबकि चांदी में भारी अस्थिरता और सुधार की अवधि के बाद दिन के कारोबार के दौरान छह प्रतिशत तक का उछाल आया।

### पुरी होकर बस्तर पहुंचे थे गरियाबंद जिले के रहवासी

## पेड़ से टकराई स्कार्पियो, 3 पर्यटकों की गई जान, 6 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गरियाबंद से जगन्नाथ पुरी होते हुए बस्तर पहुंचे पर्यटकों के वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में छह लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं जिनका डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद जिले के ग्राम देवपरसूली थाना पिपरछेड़ी निवासी एक मासूम बच्चे समेत 13 पर्यटक 28 जनवरी को स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 23 पी 1719 में सवार होकर विशाखापटनम से जगन्नाथपुरी होते हुए 2 फरवरी को दंतेवाड़ा पहुंचे थे। यहां दर्शन उपरांत 3 फरवरी को बारसूर घुमने के बाद चित्रकोट के लिए आ रहे थे। इसी दौरान रात लगभग 9 बजे तेज रफ्तार वाहन मारडूम थाना क्षेत्र के ग्राम मेण्ड्री के करीब कहुआ के पेड़ से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### इनकी हुई मौत

रूपेन्द्र नेताम पिता हेम सिंग नेताम 22 वर्ष, खिलेश्वर नेताम पिता हीरालाल नेताम 19 वर्ष दोनो निवासी देव परसूली तथा रामरतन ठाकुर पिता सेवक राम 19 वर्ष निवासी विजयपुर छुरा की शामिल हैं।

#### मेंदरीगुमड़ जलप्रपात के पास हुआ हादसा

*बारसूर से चित्रकोट की ओर आ रहे पर्यटकों की वाहन मंगलवार रात मेंदरीगुमड़ जलप्रपात के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तत्काल सभी घायलों को उपचार की व्यवस्था की गई, लेकिन अधिक चोट आने से तीन की मौत हो गई। छह घायलों को मेकाज व लोहण्डीगुड़ा अस्पताल में उपचार जारी है।*

*डेमनलाल भूरिया*
*टीआई थाना मारडूम*

## बीच हवा में विमान के इंजन में आग, 236 की जान पर मंडराया खतरा!

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तुर्की एयरलाइंस के एक विमान के इंजन में खराबी आने के बाद विमान ने कोलकाता हवाई अड्डे पर आपात परिस्थितियों में उतरा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पायलट ने विमान के दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना दी थी। यह उड़ान काठमांडू से तुर्किये के इस्तांबुल जा रही थी। बयान के मुताबिक उड़ान संख्या टीएचवाई-727 वाला एयरबस ए330-300 विमान अपराह्न करीब 1.15 बजे काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चालक दल के 11 सदस्यों ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### क्या हुआ था

- दोपहर 1:38 बजे: जब विमान भारतीय हवाई क्षेत्र के पास था, पायलटों ने तकनीकी खराबी और दाएं इंजन में आग की सूचना दी। उन्होंने तुरंत 'पैन-पैन' कॉल दी।
- दोपहर 1:51 बजे: एयरलाइन के सूत्रों के अनुसार, दोपहर 1:51 बजे तक चालक दल ने विमान के फायर सप्रेसर सिस्टम का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया था।
- दोपहर 2:49 बजे: एयरलाइन सभी 236 यात्रियों के साथ सुरक्षित तरीके से कोलकाता एयरपोर्ट पर लैंड हो गई।






### एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## घूस लेते पकड़े गए नायब तहसीलदार और पटवारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

एंटी करप्शन ब्यूरो ने पामगढ़ तहसील कार्यालय में दबिश देकर नायब तहसीलदार और पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। दोनों ने चोरभट्ठी धान खरीदी केंद्र प्रभारी से रिश्वत मांगी थी। नायब तहसीलदार और पटवारी 35 ▶▶|शेष पेज 7 पर

- **धान खरीदी केंद्र प्रभारी से मांगी थी 35 हजार की रिश्वत**

#### योजना बनाकर पकड़ा

योजना के तहत 4 फरवरी को धीरेन्द्र कौशिक केमिकल लगे नोट लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा। नायब तहसीलदार ने रिश्वत की रकम पटवारी को देने कहा। धीरेन्द्र कौशिक द्वारा पटवारी आयुष कुमार ध्रुव को रिश्वत की रकम 35 हजार रुपए देते ही आसपास तैनात एसीबी टीम ने पटवारी और नायब तहसीलदार को पकड़ लिया। रिश्वत में ली गई रकम बरामद कर एसीबी द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### बदल दिए गए क्रिकेट के 70 से ज्यादा नियम, अक्टूबर से होगा लागू

## अब अंतिम ओवर पूरा करना होगा अनिवार्य


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कई बदलाव की घोषणा की है। मंगलवार (3 फरवरी 2026) को एमसीसी ने कुल 73 नियमों में बदलाव की घोषणा की है जिसमें टेस्ट मैच में अगर अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरता है तो पूरा ओवर खेलना अनिवार्य करना भी शामिल है। वहीं बाउंड्री पर लेने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन आदि कई नियमों में बदलाव सामने आए हैं। यह सभी नए नियम एक अक्टूबर 2026 से लागू होंगे।

#### विकेटकीपर से जुड़े नियमों में भी बदलाव

विकेटकीपर से जुड़े नियम में भी बदलाव किया गया है। अब गेंद फेंके जाने से पहले अगर विकेटकीपर स्टंप्स के बराबर या आगे खड़ा होता है, तो इसे नो बॉल नहीं माना जाएगा। एमसीसी ने कहा, विकेटकीपर अब भी गेंद को पकड़ने के लिए तब तक स्टंप्स के आगे नहीं आ सकता, जब तक गेंद बल्लेबाज के विकेट को पार न कर जाए या बल्ले अथवा शरीर से संपर्क न कर ले, लेकिन अब नियम यह है कि गेंद छोड़े जाने के बाद ही विकेटकीपर को पूरी तरह स्टंप्स के पीछे होना होगा।



#### बॉल और बैट के लिए तय हुए मानक

एमसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों के साथ मिलकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए मानक और नाम भी तय किए हैं। एमसीसी के अनुसार अब गेंदों को साइज-1, साइज-2 और साइज-3 के रूप में बांटा गया है। साइज-1 (पारंपरिक पुरुषों की गेंद) में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन अब तीनों श्रेणियों के लिए मानक एक समान कर दिए गए हैं।

#### बाउंड्री लाइन के कैच का नियम बदला

वहीं बाउंड्री लाइन के पास लिए जाने वाले कैच को लेकर 'बनी हॉप कैच' को हटाया गया है। अब कोई भी फील्डर बाउंड्री के बाहर रहते हुए हवा में गेंद को केवल एक बार छू सकता है और उसके बाद पूरी तरह बाउंड्री के अंदर जमीन पर होना जरूरी होगा। एमसीसी ने कहा कि अगर कोई फील्डर बाउंड्री के बाहर से गेंद को उछालकर अंदर खड़े साथी खिलाड़ी की ओर पास करता है और बाद में खुद लाइन के बाहर चला जाता है, तो उसे बाउंड्री माना जाएगा।

#### फील्डिंग के कुछ नियम भी बदले

*एमसीसी ने पहली बार 'ओवरथ्रो' की स्पष्ट परिभाषा भी दी है। इसके अनुसार, रन रोकने या रनआउट के प्रयास में स्टंप्स की ओर फेंकी गई गेंद को ओवरथ्रो माना जाएगा, जबकि केवल गेंद रोकने या दूसरे फील्डर्स को देने में हुई चूक को ओवरथ्रो नहीं माना जाएगा। वहीं जानबूझकर शॉर्ट रन लेने की स्थिति में अब फील्डिंग टीम को यह तय करने का अधिकार होगा कि अगली गेंद पर कौन सा बल्लेबाज स्ट्राइक पर रहेगा।*

मंगलवार की रात बिलासपुर से युवक-युवती पहुंचे थे ग्राम संडैल

# प्रेमिका का गला रेता फिर खुद के गले पर चलाया चाकू, युवक की मौत

एक शादीशुदा युवक बिलासपुर से अपनी प्रेमिका को लेकर कोरबा पहुंचा। जहां दोनों के बीच विवाद हुआ और युवक ने अपने पास रखे चाकू से प्रेमिका का गला रेता। युवक ने अपने गले पर भी चाकू चला लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से जख्मी युवती ने मोबाइल पर इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद बिलासपुर पुलिस ने इसकी सूचना कोरबा पुलिस को दी। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक व युवती को देर रात को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया। युवती को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

बिलासपुर अशोक नगर निवासी शुभम नायडू 28 वर्ष पिता बीके नायडू मूलतः मध्यप्रदेश के कटनी का रहने वाला है। उसने बचपन से बिलासपुर में अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई की और वर्ष 2022 में बिलासपुर में ही रहने वाली नंदिता से प्रेम विवाह किया था। दोनों का दो साल का पुत्र रुद्रांश भी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक शुभम नायडू एक निजी बैंक में काम करता था। बिलासपुर की कश्यप कॉलोनी पुराना बस स्टैंड बिलासपुर निवासी निशा उर्फ प्रतीक्षा श्रीवास पिता शिवकुमार श्रीवास उम्र 26 साल पूर्व में दोनों एक साथ काम किया करते थे। दोनों के बीच लंबे समय से अफेयर चल रहा था। जब पत्नी को उसकी जानकारी हुई तो शुभम और नंदिता के बीच इसी बात को लेकर अक्सर कहासुनी होती थी। और 6 महीने



से नंदिता अपने मायके में रहती थी। बताया जाता है कि मंगलवार की रात शुभम और उसकी प्रेमिका निशा उर्फ प्रतीक्षा बिलासपुर से बुलेट मोटरसाइकिल में सवार होकर मंगलवार की रात को उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संडैल नहर में पहुंचे थे। जहां अभी नहर में पानी नहीं होने से तल पर ही मौजूद थे । देर रात लगभग एक से डेढ़ बजे के बीच शुभम नायडू और निशा के बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि शुभम नायडू ने अपने पास रखे चाकू से अपनी प्रेमिका निशा की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। कुछ क्षण बाद शुभम ने अपनी गर्दन पर भी चाकू चला लिया। दोनों खून से लहूलुहान हो गए और शुभम नायडू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि निशा ने मोबाइल पर वीडियो कॉल और मोबाइल फोन के माध्यम से इसकी सूचना अपने पिता और परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना बिलासपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिलासपुर पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी।

## नंदिता लेने वाली थी तलाक

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि शुभम नायडू का निशा से अफेयर चल आ रहा था। जब इसकी जानकारी नंदिता को हुई तो उसने इसे लेकर कई बार अपने पति शुभम से आपत्ति भी दर्ज की थी और नंदिता ने इस मामले को लेकर बिलासपुर के महिला परामर्श थाने में शिकायत भी कराई थी। इसे लेकर शुभम और नंदिता को लेकर कई बार काउंसलिंग भी हुई थी।नंदिता ने शुभम नायडू से तलाक लेने की इच्छा भी जाहिर की थी लेकिन शुभम तलाक लेना नहीं चाहता था। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है।

## मामला किया गया दर्ज

प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का है। युवती के इशारे और मोबाइल चैट के आधार पर पुलिस ने मृतक शुभम के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

-लखन पटले
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा

# 15 फरवरी के बाद से सरकारी खरीदी पर रोक, वित्त ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के अधीन विभागों में 15 फरवरी से सरकारी खरीदी पर रोक लगेगी। सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर कहा है कि 15 फरवरी, 2026 तक जारी किये गये समस्त क्रय आदेशों का भुगतान 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण कर दिया जाना चाहिए। वित्त विभाग ने इस संबंध में शासन के सभी विभाग, राजस्व मंडल, सभी संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष और राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी कर दिया है। वित्त विभाग का कहना है कि राज्य की वित्तीय स्थिति को संतुलित बनाए रखने के लिए स्थायी निर्देश प्रसारित किए गए हैं। इसके बाद भी यह देखा गया है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में अनेक विभागों द्वारा जल्दबाजी में केवल बजट उपयोग करने की दृष्टि से आवश्यकता न होने पर भी सामग्री क्रय की जाती है, जिससे शासन की राशि अनावश्यक रूप से अवरुद्ध हो जाती है। यह प्रकिया शासन के हित में नहीं है। इसीलिए शासकीय क्रय के संबंध में ये निर्देश प्रसारित किए गए हैं।यहां ये प्रतिबंध नहीं होंगे लागूवित्त विभाग ने ये भी साफ किया है कि खरीदी का यह प्रतिबंध कहां लागू नहीं होगा। इसमें शामिल है, केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजना (केन्द्रांश प्राप्त होने पर आनुपातिक राज्यांश सहित कुल राशि में से तथा एसएनए स्पर्श , विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना, केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान, नाबार्ड पोषित योजना, सिडबी, राष्ट्रीय आवास बैंक तथा विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु क्रय की जाने वाली सामग्री प्रतिबंध से मुक्त होगी।

## कार्य विभागों के लिए ये होगा

निर्माण विभागों (लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) एवं वन विभाग से संबंधित चालू परियोजनाओं में भंडार की स्थिति का आंकलन करने के बाद आगामी एक माह में उपयोग आने वाली सामग्री, जेलों, शासकीय एवं राज्य कर्मचारी बीमा योजनान्तर्गत चल रहे अस्पतालों तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित छात्रावासों व आश्रमों में भोजन, कपड़ा, दवाईयों का क्रय तथा अन्य प्रासंगिक व्यय। पोषण आहार हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे खाद्यान का क्रय तथा परिवहन। आसवनियों से खरीदी गई देशी मदिरा का क्रय, पेट्रोल, डीजल, वाहन मरम्मत एवं प्रतिस्थापन मद से वाहनों के क्रय से संबंधित व्यय, लेखन सामग्री से संबंधित क्रय रूपये 5 हजार तक के रूपये 5 हजार तक अन्य आकस्मिक क्रय के देयक, प्रथम अनुपूरक अनुमान में किये गये वाले प्रावधानों के विरूद्ध क्रय इसमें शामिल होगा।

# 7 करोड़ के धान शॉर्टेज मामले में डीएमओ अभिषेक मिश्रा निलंबित

**कवर्धा**। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सामने आए 7 करोड़ रुपये के धान शॉर्टेज मामले ने आखिरकार प्रशासनिक स्तर पर बड़ा मोड़ ले लिया है। विवादित बयान देकर सुर्खियों में आए जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) अभिषेक मिश्रा को राज्य स्तर से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रबंध संचालक, राज्य विपणन संघ रायपुर द्वारा मीडिया में भ्रामक एवं गैर-जिम्मेदाराना जानकारी देने के आरोप में की गई है। निलंबन आदेश बुधवार को जारी होते ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया।



- प्रबंध संचालक रायपुर ने शिकायत व जांच उपरांत की कार्यवाही

गौरतलब है कि कवर्धा जिले में धान खरीदी के दौरान लगभग 7 करोड़ रुपये मूल्य के धान की कमी सामने आई थी। इस गंभीर अनियमितता को लेकर जब मीडिया ने डीएमओ अभिषेक मिश्रा से सवाल किए थे, तब उन्होंने 7 जनवरी 2026 को दिए गए अपने बयान में धान शॉर्टेज का कारण मौसम की मार, चूहों और दीमक द्वारा धान खा जाने को बताया था। उनका यह बयान सामने आते ही प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया और सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हुई। इस बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली।

## धान घोटाले में अब तक दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जिले में धान घोटाले मामले में अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा शिकायतों व जांच के आधार पर कुकदुर धान खरीदी केन्द्र में करीब 16 लाख के धान घोटाले के मामले में केन्द्र प्रभारी तथा इसी प्रकार पेंड्रीकला धान उपार्जन केंद्र में 73.49 लाख की गड़बड़ी में 2272 क्विंटल धान कम मिलने पर खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर पर एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि आरोपी श्री चन्द्राकर अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं।

# बगारपाली प्लांटेशन में आठ जंगली सुअरों के शव मिलने से हड़कंप



**पिथौरा(ग्रामीण)**। वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगारपाली प्लांटेशन के कक्ष क्रमांक 212 एवं उसके आसपास के वन क्षेत्र में एक साथ 8 से अधिक जंगली सूअरों के मृत शव पाए जाने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मौके के निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि मृत सुअरों को दफनाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया था। प्रथम दृष्टया पूरा मामला जहर खुरानी के जरिए किए गए अवैध शिकार का प्रतीत हो रहा है। उल्लेखनीय है कि वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जम्हर के जंगल में लाखों रुपये की सागौन पेड़ कटाई की जांच अभी पूरी भी नहीं हो पाई है, इसी बीच वन्य प्राणी शिकार का यह गंभीर मामला सामने आया है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली और वन सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरते की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र के कई गांवों से सटे जंगलों में जंगली सुअरों के शिकार के लिए करंट प्रवाहित तार, पानी भरे गड्ढों में जहर मिलाने जैसे गतिविधियां शिकारियों द्वारा लंबे समय से किया जाता रहा है। सामान्यतः इन तरीकों में एक-दो सुअर ही शिकार बनते हैं, लेकिन इस घटना में एक साथ कई सुअरों की मौत से आशंका है कि जहर मिले पानी के सेवन से यह हादसा हुआ है, जिसमें जितने भी वन्य प्राणी पानी पीने पहुंचे, सभी उसकी चपेट में आ गए होंगे।

## वन विभाग चला रहा सर्च अभियान

वन विभाग की प्रारंभिक जांच और मौके पर की गई तलाशी के दौरान अब तक 8 जंगली सुअरों के मृत शरीर बरामद किए जा चुके हैं, जबकि आशंका जताई जा रही है कि मृत वन्य प्राणियों की संख्या इससे अधिक भी हो सकती है। दफनाए गए शवों और आसपास के जंगल क्षेत्र को देखते हुए वन अमला पूरे इलाके में सघन सर्च अभियान चला रहा है, ताकि यदि अन्य मृत सुअर कहीं दबाए गए हों या झाड़ियों में पड़े हों, तो उन्हें भी बरामद किया जा सके। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि तलाश पूरी होने के बाद ही वास्तविक संख्या की पुष्टि की जा सकेगी।



रायपुर
गुरुवार 5 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 24, अंक : 196
पृष्ठ : 12+4 = 16 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.2
न्यून. 18.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



6 काशी में लिया चाट का मजा

विचार पेज
4 वैश्विक राजनीति को मिली नई दिशा




## 50 हजार किसान ऐसे, जिनके टोकन कट चुके, पर धान नहीं बिका
## इनमें महासमुंद में सबसे ज्यादा, आज और कल इनके लिए मौका

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी की अवधि समाप्त होने के बाद राज्य के तकरीबन 50 हजार किसान टोकन कटाने या आवेदन के बाद भी धान नहीं बेच पाए। इनके लिए अब 5 और 6 तारीख को मौका है। गौरतलब है, समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी में ऐसे किसान जिनके टोकन कटे थे, उनसे धान खरीदी 5 और 6 फरवरी को करने का निर्णय लिया गया है। तीन प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 2.42 लाख टन धान की और खरीदी होगी

राजय सरकार द्वारा लिए निर्णय के बाद 50 हजार से अधिक किसानों से लगभग 2 लाख 42 हजार 569 मीट्रिक टन धान खरीदी हो सकती है। टोकन धारी किसानों के अलावा ऐसे भी किसान हैं जिन्हें धान बेचने टोकन ही नहीं मिला और न ही कोई आवेदन समितियों में दे पाए हैं, ऐसे किसानों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।



### इन किसानों का धान लिया जाएगा

धान खरीदी के अंतिम दिन तक जिन किसानों को टोकन जारी किया गया था, उनमें 12530 को टोकन कैंसल कर दिया गया था।इन किसानों को दो दिन होने वाली खरीदी में शामिल किया जाएगा। साथ ही 10 जनवरी के बाद टोकन के लिए 29, 591 किसानों के धान का भौतिक सत्यापन सहीं पाए जाने के बाद भी समितियों ने टोकन जारी नहीं किया था। वहीं 7966 ऐसे किसान थे जिन्होंने धान बेचने टोकन के लिए आवेदन लगाया, लेकिन उनके धान का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया।अब दो दिन होने वाली खरीदी में उन किसानों का धान खरीदी किया जाएगा।

### महासमुंद में सबसे अधिक दंतेवाड़ा में सबसे कम

धान खरीदी के लिए सबसे अधिक वंचित किसानों की संख्या महासमुंद जिले के हैं, जहां के किसानों के 5724 टोकन से धान खरीदा जाएगा। दूसरे नंबर में बेमेतरा जिला है जहां पर किसानों के 3860 टोकन से धान खरीदा जाएगा। कवर्धा में 3114 टोकन से खरीदी होगी। दुर्ग जिले में 2692, बलौदाबाजार में 2250, कांकेर में 1776, सूरजपुर में 1490, बिलासपुर में 1147, बलरामपुर में 1107 और रायपुर में 1102 टोकन धारी किसानों को धान बेचने का मौका मिलेगा। वहीं दंतेवाड़ा जिले में सबसे कम 149 और नारायणपुर जिले में 165 टोकन धारी किसानों का धान बेचने का मौका दो दिन मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया

**हरारे।** भारत और अफगानिस्तान की टीम के बीच आईसीसी अंडर 19 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल खेला गया। अफगानिस्तान के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया था, जिसमें उन्होंने 50 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 310 रनों का स्कोर बनाया। इसके बाद टीम इंडिया की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन टारगेट का पीछा करते हुए देखने को मिली।



### कार के नहर में गिरने से दो की मौत

**जालौन।** यूपी में जालौन जिले में कोट्रा-ऐट मार्ग पर बुधवार को एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश में कार नहर में गिर गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे करथारा मोड़ के पास हुई। पच्छीपुरा गांव के रहने वाले जितेंद्र (50) और इंद्रपाल (55) किसी काम से कोटरा आए थे और वापस लौट रहे थे, तभी उनकी कार की एक मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई।

### दुरुपयोग रोकने ढाई करोड़ आधार नंबर निष्क्रिय

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा को बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दुरुपयोग को रोकने के लिए 2.5 करोड़ से अधिक मृत व्यक्तियों के आधार नंबर निष्क्रिय कर दिए हैं।



### कोपनहेगन के लिए सेवा 17 से स्थगित

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने विदेशी परिचालन संबंधी बाधाओं के कारण अपने लंबी दूरी के उड़ान कार्यक्रम में बदलाव करने की घोषणा की। इसके तहत 17 फरवरी से कोपनहेगन के लिए उड़ानों का संचालन स्थगित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, एयरलाइन दिल्ली-लंदन हीथ्रो और दिल्ली-मैनचेस्टर मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती करेगी।

### मलकानगिरी 'नक्सल मुक्त' जिला घोषित

**मलकानगिरी।** ओडिशा का मलकानगिरी जनपद जो कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, 21 लाख रुपए के इनामी मओवादी सुखराम मरकाम के पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण के बाद नक्सल-मुक्त जिला घोषित किया गया। मलकानगिरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बिनोद पाटिल एच. ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा की क्षेत्र समिति के सदस्य मरकाम ने एक एसएलआर राइफल, गोला-बारूद और अन्य सामान भी पुलिस को सौंपा।

*पूर्व सेना प्रमुख का किताब सदन में रखना चाहते थे राहुल नहीं मिली इजाजत*

## विपक्ष की महिला सांसदों ने पीएम की कुर्सी को घेरा, जमकर हंगामा, नहीं बोल पाए मोदी

**खास बातें**
- संसद से सड़क तक हंगामा : लोकसभा में दिनभर चला विरोध
- भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने पं. नेहरू, इंदिरा पर साधा निशाना

*लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण टाल दिया गया। दिनभर चले विरोध, नारेबाजी और बार-बार स्थगन के बाद शाम को जब कार्यवाही फिर से शुरू हुई, तब हालात और बिगड़ गए। इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी डर गए, वहीं भाजपा सांसद ने पलटवार करते हुए कहा कि जनता कांग्रेस को हरा रही है इसलिए वे हमारे संसद को बोलने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस से जवाब मांगेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के कारण बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े मुद्दे उठाने की अनुमति नहीं मिलने और आठ विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब गुरुवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए जाने की संभावना से जुड़ी खबरों के बीच, पांच बजे सदन की बैठक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### भाजपा का आरोप, विपक्ष पर गंभीर सवाल

पीएम मोदी का संबोधन टालने पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि यह विरोध पहले से तय योजना के तहत किया गया था। उनका दावा है कि महिला सांसद प्रधानमंत्री की सीट के आसपास घेराव जैसी स्थिति बना रही थीं। उन्होंने कहा कि स्थिति डराने वाली थी और संसदीय कार्य मंत्री कंवल जीत सिंह ढिल्लों की तत्परता से हालात काबू में आए।

### क्या हुआ सदन में, कैसे बढ़ा हंगामा?

सदन में विवाद की शुरुआत उस मुद्दे से हुई जब विपक्ष ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख की अप्रकाशित किताब का हवाला देने से रोका गया। इसी मुद्दे पर विपक्षी दल लगातार विरोध कर रहे थे।

### पीठासीन सभापति ने कार्यवाही की स्थगित

स्पीकर की जगह पीठासीन सभापति संध्या राय सदन चला रही थीं। उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहा। ट्रेजरी बेंच के पास विरोध जारी रहने पर कार्यवाही स्थगित कर दी गई। बाद में कई केंद्रीय मंत्रियों के समझाने पर महिला सांसद वहां से हटीं। लेकिन तब तक प्रधानमंत्री का संबोधन नहीं हो सका और दिन की कार्यवाही खत्म कर दी गई।

### राहुल ने क्या कहा?

प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन न होने पर भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साझा कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम सदन में नहीं आएंगे क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। राहुल यह कहते दिखे कि यदि प्रधानमंत्री आते तो वे उन्हें एक किताब देते और उस पर चर्चा की मांग करते।

### इधर, बिट्टू को गद्दार कहकर फंसे राहुल



लोकसभा में लगातार हंगामे के बीच बुधवार को कुछ ऐसा हुआ, जिस पर एक बार फिर से सियासी संग्राम छिड़ गया है। बीजेपी नेता राहुल गांधी पर सिखों के अपमान का आरोप लगाकर उनका इस्तीफा मांग रहे हैं। दरअसल संसद परिसर में राहुल गांधी और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। संसद भवन के मकर द्वार पर निलंबित सांसदों के साथ प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी बीजेपी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहकर बुरे फंस गए हैं। राहुल के रवनीत को गद्दार कहने पर सियासी संग्राम छिड़ गया है।

## संसद में बोली सरकार मार्च 2026 तक खत्म हो जाएगा नक्सलवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश में नक्सलवाद मार्च 2026 तक पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की 'कतई बर्दाश्त नहीं नीति' के चलते नक्सली हिंसा में तेज गिरावट आई है। प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए राय ने कहा कि भारत में नक्सलवाद की समस्या 1968 से चली आ रही है और दशकों तक इस पर कोई ठोस राष्ट्रीय नीति न होने के कारण यह बनी रही। उन्होंने कहा, भारत मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। पहले यह इसलिए समाप्त नहीं हो ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 5 साल में मारे गए 1149

राय के अनुसार, 2019 से अब तक 1,149 नक्सली मारे गए, 7,409 को गिरफ्तार किया गया और 5,880 ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा, इन परिणामों से स्पष्ट है कि नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है।

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर कही यह बात

इस दौरान कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने पूरक प्रश्न पूछते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार से लेकर मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकारों तक सभी ने नक्सलवाद समाप्त करने की दिशा में काम किया। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने भी वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ केंद्र सरकार ▶▶|शेष पेज 7 पर

अवैध संबंध ने ली जान

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की प्रधान आरक्षक की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर/बलरामपुर

सेंदुर नदी में मिले शव के मामले में पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में बड़ी सफलता हासिल की है। मृतक छग सशस्त्र बल में प्रधान आरक्षक था।

- खुरपी से वार कर उतारा मौत के घाट, रेत में मिला था मृतक का शव

प्रधान आरक्षक की हत्या उसकी दूसरी पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। उम्र में 20 साल छोटी पत्नी ने हत्या की योजना बनाई और फिर प्रेमी ने वारदात को अंजाम दिया। अवैध संबंध के कारण शुरू हुआ विवाद प्रधान आरक्षक की हत्या की मुख्य वजह बना। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है और ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पत्नी लोगों को करती रही गुमराह

प्रधान आरक्षक की हत्या के बाद विवेक टोप्पो घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन अपने रखकर मृतक के घर गया और मृतक के कपड़े, बैंक पासबुक, आधार कार्ड पैनकार्ड, अन्य मोबाइल फोन वाला बैग लेकर घर से निकल गया और आराम से गांव में घूमने लगा। इधर 22 जनवरी को मृतक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मिली है सफलता

पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर छग सशस्त्र बल में पदस्थ प्रधान आरक्षक की हत्या की। महिला ने योजना बनाई और धोखे से प्रेमी ने वारकर हत्या कर दी थी। प्रधान आरक्षक को दोनो के संबंध की जानकारी थी। हत्या के बाद महिला गांव में आकर लोगों को गुमराह कर रही थी। पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की।

-वैभव वैंकर रमनलाल, एसपी

### पत्नी ने बनाई योजना, प्रेमी ने दिया अंजाम

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि क्लॉस्टिका केरकेट्टा ने विवेक के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। महिला खुद रायपुर में रही और बहाने से विश्वनाथ को विवेक ने मिलने के लिए बलरामपुर बुलाया। 12 जनवरी को मृतक दंतेवाड़ा से छुट्टी लेकर ▶▶|शेष पेज 7 पर

## एक साल बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन खत्म, खेमचंद नए सीएम

एजेंसी ▶▶| इंफाल

- लोकभवन में नए सीएम, डिप्टी सीएम ने ली शपथ

भाजपा नेता वाई खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 62 वर्षीय सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वालीं भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के विधायक एल. डिखो ने मणिपुर के उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। किपगेन ने नयी दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से ऑनलाइन माध्यम से शपथ ली।



### मेइती और कुकी में टकराव

पिछले साल नौ फरवरी को मेइती और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक जारी रही जातीय हिंसा के बाद बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस्तीफे दे दिया था, जिसके बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

### ताइक्वांडो में ब्लैक बैल्ट धारक


मणिपुर के मुख्यमंत्री के तौर पर बुधवार को शपथ लेने वाले युमनाम खेमचंद सिंह (62) दो बार से भाजपा विधायक हैं। लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी रहे हैं। वह संगठन पर ध्यान केंद्रित करने वाले नेता माने जाते हैं और उन्होंने राज्य में महत्वपूर्ण संवैधानिक और मंत्री पदों पर काम किया है। राजनीति के अलावा ताइक्वांडो से उनका लंबा जुड़ाव रहा है।

दो महीने का परीक्षण के बाद शुभारंभ

## देश का पहली सहकारी टैक्सी सेवा ऐप आज पेश करेंगे शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को 'भारत टैक्सी', देश के पहले सहकारिता आधारित कैब सेवा मंच का दो महीने के सफल प्रायोगिक परीक्षण के बाद शुभारंभ करेंगे। इस सेवा का लक्ष्य दो साल के भीतर सभी राज्यों और शहरों में विस्तार करना है। मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटीज़ एक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत और छह जून, 2025 को स्थापित किया गया है।



### एक मंच पर तीन लाख से ज्यादा ड्राइवर

तीन लाख से ज़्यादा ड्राइवर इस मंच से जुड़े हैं, एक लाख से ज़्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है। दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में रोज़ाना 10,000 से ज़्यादा राइड पूरी हो रही हैं। अब तक ड्राइवरों को सीधे लगभग 10 करोड़ रुपए बांटे जा चुके हैं। यह मंच ड्राइवरों - जिन्हें 'सारथी' कहा जाता है - के लिए स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, सेवानिवृत्ति बचत को प्राथमिकता देता है।

सीबीएसई छात्रों को मिलेगा फायदा, बदले जा रहे हैं नियम

## विदेश विवि में दाखिले के लिए नहीं देनी होगी अतिरिक्त परीक्षाएं

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में गिनी जाने वाली कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने सीबीएसई के छात्रों को बड़ा मौका देने का फैसला लिया है। अब सीबीएसई के कक्षा 12वीं के अंकों के आधार पर कुछ अंडरग्रेज्यूएट कोर्स में एडमिशन के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इससे उन छात्रों को राहत मिलेगी, जो भारत में पढ़ाई करने के बाद सीधे विदेश की टॉप यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना चाहते हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने साफ किया है कि अब सीबीएसई से पढ़ाई करने छात्र भी कुछ स्नातक कोर्स में आवेदन कर सकेंगे। पहले कई विदेशी यूनिवर्सिटी में भारतीय बोर्ड के छात्रों को अतिरिक्त परीक्षाएं देनी पड़ती थीं या अलग योग्यता प्रमाण दिखाना पड़ता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया पहले से आसान हो सकती है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### रिसर्च-इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा

यह सेंटर भारत और ब्रिटेन के बीच शिक्षा और रिसर्च सहयोग को नई दिशा देगा। इस सेंटर के माध्यम से दोनों देशों के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और छात्र मिलकर नई खोज और तकनीकी विकास पर काम कर सकेंगे। इस पहल से भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी और छात्रों को आधुनिक रिसर्च सुविधाएं भी मिलेंगी। आने वाले समय में यह सेंटर टेक्नोलॉजी, साइंस और सोशल साइंस जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

### बढ़ेगा शैक्षणिक सहयोग

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने भारत के साथ अपने शैक्षणिक रिश्ते को मजबूत करने के लिए कैम्ब्रिज-इंडिया सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज शुरू करने का फैसला लिया है। यह नया सेंटर रिसर्च, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और नई शिक्षा पद्धतियों पर काम करेगा। इस सेंटर का मकसद भारत की तेजी से बढ़ती नॉलेज इकॉनमी को वैश्विक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। इसके जरिए भारतीय छात्रों, रिसर्च स्कॉलर्स और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने और काम करने का मौका मिलेगा।

## चिंतन

# बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर अभिभावक रखें पैनी नज़र

आज के डिजिटल युग ने बच्चों की दुनिया को जितना आसान बना दिया है, उतना ही जटिल भी कर दिया है। मोबाइल फोन, टैबलेट और इंटरनेट आज बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और संवाद का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन यही तकनीक जब नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल मोबाइल दिलाने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखना उनकी जिम्मेदारी बन जाती है। आजकल साफ तौर पर देखा जा रहा है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या और सामाजिक अलगाव को जन्म दे रहा है। लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलने या सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले बच्चे परिवार और दोस्तों से कटने लगते हैं। वे वास्तविक दुनिया की गतिविधियों से दूरी बना लेते हैं, जिससे उनका भावनात्मक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ लगातार सलाह दे रहे हैं कि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम की स्पष्ट और सख्त सीमा तय की जाए। हाल ही में गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की आत्महत्या की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। 12, 14 और 16 साल की इन बच्चियों को कोरियाई लवर गेम की लत थी। बताया गया कि वे स्कूल तक छोड़ चुकी थीं और हर गतिविधि एक साथ करती थीं। सुसाइड नोट में लिखा गया "सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे।" यह घटना एक कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि डिजिटल लत किस हद तक बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले सकती है। ऐसे में माता-पिता के लिए सबसे पहला कदम है समय सीमा निर्धारित करना। बच्चों के मोबाइल उपयोग के लिए प्रतिदिन का समय फिक्स होना चाहिए। इसके साथ-साथ गूगल फैमिली लिंक जैसे पेरेंटल कंट्रोल ऐप्स का इस्तेमाल कर स्क्रीन टाइम को सीमित किया जा सकता है और यह जाना जा सकता है कि बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे हैं। निगरानी के साथ-साथ संवाद भी उतना ही जरूरी है। बच्चों को केवल डांटना या मोबाइल छीन लेना समाधान नहीं है। खुलकर बातचीत करने से बच्चे अपनी समस्याएं साझा करते हैं और गलत डिजिटल कंटेंट से दूर रहने के लिए खुद को तैयार करते हैं। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सबसे कारगर तरीका है उन्हें बेहतर विकल्प देना। आउटडोर खेल, किताबें, संगीत, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं। जब बच्चों को सकारात्मक और रोचक विकल्प मिलते हैं, तो वे खुद-ब-खुद मोबाइल से दूरी बनाने लगते हैं। आज सबसे बड़ा खतरा मोबाइल पर खेले जाने वाले कुछ ऑनलाइन गेम्स से जुड़ा है। ब्लू व्हेल चैलेंज, मोमो चैलेंज, कोरियाई लवर गेम, पबजी और ब्लैकआउट चैलेंज जैसे टास्क-बेस्ड गेम्स बच्चों को मानसिक रूप से इतना प्रभावित कर देते हैं कि वे जानलेवा कदम उठाने तक के लिए प्रेरित हो जाते हैं। मोमो चैलेंज डर और धमकी के जरिए बच्चों को जानलेवा काम करने को मजबूर करता है। चोकिंग गेम और ब्लैकआउट चैलेंज जैसी चुनौतियां भी सोशल मीडिया के जरिए फैल रही हैं। अगर समय रहते हम सतर्क हो गए, तो कई मासूम जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

# वैश्विक राजनीति को मिली नई दिशा



**भारत-अमेरिका डील**
महेन्द्र तिवारी

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। यह बदलाव न तो अचानक हुआ और न ही एकतरफा दबाव का परिणाम था। इसके पीछे भारत की एक सधी हुई, दूरदर्शी और संतुलित कूटनीति काम कर रही थी, जिसने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी बातचीत की मेज पर सम्मान के साथ बैठने को मजबूर कर दिया। ट्रंप की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। उनका मानना रहा कि आर्थिक दबाव के जरिए ही किसी देश को झुकाया जा सकता है। सत्ता में आते ही उन्होंने चीन के साथ व्यापार युद्ध छेड़ दिया और उसी क्रम में भारत को भी निशाने पर लिया। भारत पर यह आरोप लगाया गया कि वह विदेशी वस्तुओं पर बहुत अधिक कर लगाता है और अमेरिकी कंपनियों को उचित अवसर नहीं देता। इसी सोच के तहत भारत को विशेष व्यापारिक सुविधा की सूची से बाहर कर दिया गया, जिससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फैसले से दवाइयों, कपड़ों, रत्नों और कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा और भारत के लिए अमेरिकी बाजार कठिन हो गया। भारत ने इस दबाव को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उसने जवाबी कदम उठाए और अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर कर बढ़ा दिए। इससे अमेरिका के किसान और उद्योगपति प्रभावित हुए। बादाम, सेब और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा। यह संकेत साफ था कि भारत केवल सुनने वाला देश नहीं है, बल्कि अपने हितों की रक्षा करना जानता है। इसके बावजूद भारत ने टकराव की भाषा नहीं अपनाई। उसने संवाद के दरवाजे खुले रखे और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का मूल आधार संतुलन रहा है। न तो किसी के आगे झुकना और न ही अनावश्यक टकराव। इसी नीति के तहत भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया। सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत किया गया। भारत ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि वह केवल एक बाजार नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार है। अमेरिका की बड़ी कंपनियों को भारत में निवेश के अवसर दिए गए, उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित किया गया और नौकरशाही अड़चनों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। इन सभी प्रयासों का असर तब दिखा जब ट्रंप ने खुद स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उन्होंने अपने रुख पर पुनर्विचार किया। यह कोई साधारण फोन वार्ता नहीं थी, बल्कि वर्षों की रणनीति और विश्वास का परिणाम थी। ट्रंप जैसे नेता, जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से किसी की प्रशंसा नहीं करते, उन्होंने मोदी को प्रभावशाली और सम्मानित नेता बताया। यह बदलाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नीतियों में भी दिखाई दिया। नए व्यापारिक



समझौते के तहत भारत और अमेरिका दोनों ने एक दूसरे को राहत दी। भारत ने कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने का संकेत दिया, जबकि अमेरिका ने भारतीय इस्पात, कपड़ा और दवा उद्योग को बड़ी राहत दी। इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित होंगे। दवा उद्योग के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय दवाइयाँ सस्ती और प्रभावी मानी जाती हैं और अमेरिका में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा सवाल यह भी उठा कि क्या अमेरिका से बढ़ती नजदीकी का असर भारत के रूस के साथ संबंधों पर पड़ेगा। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से सस्ता तेल खरीदने के कारण भारत पश्चिमी देशों की आलोचना के केंद्र में रहा है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखी, जिससे उसे अरबों रुपये की बचत हुई और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई। अमेरिका ने इस पर असंतोष जरूर जताया, लेकिन कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया। रूस की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि भारत के साथ उसके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। रूसी नेतृत्व ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। रक्षा क्षेत्र में चल रही परियोजनाएं, मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति और सैन्य सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि भारत ने अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखा है और किसी एक खेमे में खुद को सीमित नहीं किया है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता का रास्ता चुना है। भारत अपने फैसले स्वयं करता है, दबाव में नहीं। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता भी इसी सोच का परिणाम है। इसमें न तो आत्मसमर्पण है और न ही टकराव, बल्कि आपसी लाभ का रास्ता है।

इस समझौते का असर केवल भारत और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इसके सकारात्मक संकेत दिखाई देंगे। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सहयोग का रास्ता चुनती हैं, तो बाजारों में स्थिरता आती है। निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और विकास को गति मिलती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह खुद को विश्व उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करे और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत करे। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। डिजिटल कर, बौद्धिक संपदा अधिकार और आंकड़ों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा ताकि घरेलू हितों की अनदेखी न हो। विदेशी कंपनियों को अवसर देते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के कानूनों और संप्रभुता से कोई समझौता न हो। राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की यह एक बड़ी परीक्षा थी, जिसमें वे सफल दिखाई देते हैं। ट्रंप का नरम रुख इस बात का संकेत है कि भारत की बात अब सुनी जाती है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग भी जारी रहेगा। भारत दोनों शक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बनाए रखेगा। अंततः यह कहानी बदलती दुनिया में समझदारी भरी कूटनीति की है। यह दिखाती है कि शोर मचाने से नहीं, बल्कि संवाद और संतुलन से बड़े फैसले लिए जाते हैं। भारत ने यही रास्ता चुना है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

राजीव श्रीवास्तव



# चित्रोत्पला फिल्म सिटी : सपना बड़ा है, शुरुआत संवेदनशील होनी चाहिए



छत्तीसगढ़ में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण राज्य के सांस्कृतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह परियोजना न केवल फिल्म निर्माण से जुड़ी है, बल्कि इससे छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और रचनात्मक पहचान को राष्ट्रीय मंच मिलने की संभावना भी जुड़ी हुई है। ऐसे में इस परियोजना की हर शुरुआत, हर प्रतीक और हर निर्णय का सांस्कृतिक अर्थ भी होता है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सामने आया विवाद इसी संवेदनशीलता की ओर संकेत करता है, जिसे केवल औपचारिक प्रतिक्रिया देकर टालना उचित नहीं होगा।

**जब अपनी ही जमीन पर कलाकार हाशिये पर हों**

यदि छत्तीसगढ़ के नाम पर बन रही फिल्म सिटी के पहले सार्वजनिक आयोजन में स्थानीय कलाकार, रंगकर्मी और छत्तीसगढ़ी सिनेमा से जुड़े लोग स्वयं को उपेक्षित महसूस करें, तो यह केवल एक आयोजन की त्रुटि नहीं, बल्कि सोच में आई दूरी का संकेत है। बॉलीवुड कलाकारों के कट-आउट और प्रतीकों के बीच छत्तीसगढ़ की अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति का कमजोर दिखना यह प्रश्न खड़ा करता है कि— क्या हम विकास की दौड़ में अपनी जड़ों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं?

**संस्कृति आयोजन नहीं, सहभागिता मांगती है**

अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ कि संस्कृति विभाग का कार्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं होता, बल्कि कलाकारों के आत्मसम्मान और भागीदारी को सुनिश्चित करना होता है। कलाकार मंच नहीं मांगते, वे यह महसूस करना चाहते हैं कि— वे इस परियोजना का हिस्सा हैं,

केवल दर्शक नहीं। यदि चित्रोत्पला फिल्म सिटी वास्तव में छत्तीसगढ़ की है, तो उसकी पहली तस्वीर में छत्तीसगढ़ी कलाकारों की केंद्रीय भूमिका स्वाभाविक होनी चाहिए थी।

**सरकार की मंशा और ज़मीनी अपेक्षाएं**

सरकार और आयोजन से जुड़े पक्षों ने यह कहा है कि सभी को साथ लेकर चलने की मंशा है और किसी को जानबूझकर नज़रअंदाज़ नहीं किया गया। इस आश्वासन का स्वागत किया जाना चाहिए।

लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि आने वाले समय में—स्थानीय कलाकारों की निर्णायक भागीदारी

छत्तीसगढ़ी फिल्मों और रंगमंच के लिए ठोस नीति प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और मंच के स्थायी प्रावधान

स्पष्ट रूप से दिखाई दें। क्योंकि सांस्कृतिक विश्वास शब्दों से नहीं, कार्यवाही से बनता है।

**चित्रोत्पला : नाम के साथ जिम्मेदारी**

चित्रोत्पला केवल एक आधुनिक फिल्म सिटी का नाम नहीं है। यह छत्तीसगढ़ की उस सांस्कृतिक स्मृति का प्रतीक है, जहाँ लोककला, शिल्प और रचनात्मकता पीढ़ियों से जीवित रही है। इस नाम के साथ यह जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि फिल्म सिटी की आत्मा स्थानीय हो और दृष्टि वैश्विक।

**अंततोगत्वा मैं यह कहना चाहता हूं कि....**

चित्रोत्पला फिल्म सिटी छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। लेकिन यदि इसकी नींव में संवेदनशीलता और संवाद की कमी रही, तो भव्य संरचनाएं भी सांस्कृतिक रूप से अधूरी रह जाएंगी। आलोचना को विरोध नहीं, समय रहते मिला संकेत समझना चाहिए। क्योंकि संस्कृति में संकेतों की अनदेखी, सबसे महंगी भूल होती है।

(पूर्व आयुक्त, संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन)

# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है



संकलित
**दर्शन**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# आखिर कर्म ही महान है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## तोतों का जोड़ा



मोरीगांव के पोबितोरा वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में बुधवार को टूरिस्ट हाथी की सवारी करते हुए।

## आज की पाती

**उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत**

कैंसर से बचने और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में विश्व कैंसर दिवस, 4 फरवरी को मनाया जाता आ रहा है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले हमारे देश में 11 लाख से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए, जबकि 7 लाख 84 हजार 800 लोगों की मौत कैंसर से हुई। हमारे देश में कैंसर के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक है। अगर इसके लिए जल्दी से जल्दी चिंतन नहीं किया गया और गंभीरता नहीं दिखाई गई तो यह हमारे देश के लिए और भी मुसीबत बन सकता है। उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत है।

**- राकेश गुप्ता**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# जिल बाइडन के पूर्व पति पर पत्नी की हत्या का आरोप



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन के पूर्व पति पर दिसंबर के अंत में डेलावेयर स्थित घर में अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विलमिंगटन निवासी विलियम स्टीवेन्सन (77) का जिल बाइडन से वैवाहिक रिश्ता 1970 से 1975 तक चला था। डेलावेयर के अटॉर्नी जनरल की प्रवक्ता कैरोलिन हैरिसन ने फोन पर बातचीत में पुष्टि की कि स्टीवेन्सन, जिल बाइडन के पूर्व पति हैं। पूर्व राष्ट्रपति और भूतपूर्व प्रथम महिला के कार्यालय के प्रवक्ता द्वारा ईमेल के माध्यम से दिए गए जवाब के अनुसार, जिल बाइडन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हत्या के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद पांच लाख अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि जमा करने में विफल रहने के कारण स्टीवेन्सन जेल में ही है। उन पर 28 दिसंबर को 64 वर्षीय लिंडा स्टीवेन्सन की हत्या का आरोप है। विज्ञप्ति के अनुसार, रात 11 बजे के बाद घरेलू विवाद की सूचना पर पुलिस को घर बुलाया गया और उन्होंने बैठक कक्ष में एक महिला को बेहोश पाया। लिंडा स्टीवेन्सन के शोक संदेश के मुताबिक, वह व्यवसाय करती थी और उन्हें परिवार-उन्मुख मां और दादी बताया गया है।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक व्यापार समझौता



भारत और अमेरिका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता देश और विशेषकर हमारे राजस्थान के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने वाला है। इस कदम से ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट और स्टोन इंडस्ट्री के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खुलेंगे, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### सवालों का जवाब दे केंद्र



केंद्रीय भाजपा सरकार विपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों से क्यों डर रही है? सरकार को सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े मामलों पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**- एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

### दिल्ली असुरक्षित क्यों



दिल्ली में सिर्फ 15 दिन में 807 लोग गायब हो गए, ये हालात सामान्य नहीं, बेहद डराने वाले हैं। राजधानी में लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। दिल्ली में हर स्तर पर बीजेपी के पास पूरी ताकत है, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों है ?

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### जनता के लिए हानिकारक



ये डील नहीं, ढील है। भाजपा की उल्टी गणित से जनता फिर पूछ रही है : ज़ीरो बड़ा या अठारह, इस देश में कोई भी डील जो 70 फीसदी कृषि आधारित जनता के लिए हानिकारक है वो कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकती है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# लीबिया के तानाशाह गद्दाफी के बेटे की गोली मारकर हत्या




**ट्राइपोलि।** लीबिया के पूर्व नेता मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की उनके घर पर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। सैफ अल-इस्लाम के कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक, उनके घर में घुसे चार अज्ञात बंदूकधारियों के साथ हुई 'सीधी मुठभेड़' के दौरान वे मारे गए। अल अरबिया के मुताबिक, गद्दाफी परिवार ने बताया कि यह हत्या उस वक्त हुई, जब सैफ अल-इस्लाम अपने बगीचे में मौजूद थे, हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं और तुरंत मौके से फरार हो गए। मुअम्मर गद्दाफी के उत्तराधिकारी माने जाने वाले सैफ अल-इस्लाम ने एक दशक तक कैद और गुमनामी में रहने के बाद राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की कोशिश की थी। हालांकि, वे किसी आधिकारिक पद पर नहीं थे, लेकिन अपने पिता के चार दशक लंबे शासन के दौरान उन्हें देश का सबसे ताकतवर शख्स माना जाता था।

रिपोर्ट में दावा, रुबियो से बोले थे एनएसए अजीत डोभाल

# 'ट्रेड डील पर अगर बात नहीं बनी तो हम ट्रंप के हटने का इंतजार करेंगे'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर सहमति बन गई है, जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगी अमेरिकी लोगों के लिए बड़ी जीत के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन एक रिपोर्ट इन सभी दावों को पलट दिया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने ट्रंप के अड़ियल रवैए पर कड़ी आपत्ति जताई और ट्रेड डील न होने की सूरत में वह ट्रंप के कार्यकाल खत्म होने का इंतजार करेगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि सितंबर 2025 की शुरुआत में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच हुई एक निजी बैठक में भारत ने कड़ा रुख अपनाया था। डोभाल ने रुबियो से दो टूक कहा कि भारत डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों की धमकियों से डरने वाला नहीं है, अगर तल्खी कम नहीं होती तो वह व्यापार समझौते के लिए 2029 तक इंतजार कर सकता है।



**खास बातें**

- भारत ने ट्रंप के अड़ियल रवैए पर जताई है कड़ी आपत्ति
- ट्रंप की टीम डील को अपनी जीत के रूप में कर रही है प्रस्तुत

## 'बंद करें भारत की आलोचना'

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अजीत डोभाल ने मार्को रुबियो को याद दिलाया कि भारत ने अतीत में भी कई प्रतिकूल अमेरिकी प्रशासनों का सामना किया है। उन्होंने मांग की कि ट्रंप और उनके अधिकारी सार्वजनिक रूप से भारत की आलोचना बंद करें, ताकि रिश्तों को दोबारा पटरी पर लाया जा सके। डोभाल ने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह की 'बुलिंग' स्वीकार नहीं करेगा। इस बैठक के बाद ही सितंबर के अंत में ट्रंप के लहजे में थोड़ी नरमी देखी गई थी, जब उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन कर बधाई दी थी. रिपोर्ट दिल्ली के अधिकारियों के इनपुट पर आधारित है, जिन्होंने गोपनीयता की वजह से नाम न छापने की शर्त पर जानकारी दी।

## क्यों बिगड़े रिश्ते

दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते तब तनावपूर्ण हो गए जब नई दिल्ली ने मई 2025 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रंप के सीजफायर के दावों को झूठा करार दिया था। इसी कड़वाहट के बीच अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। हालांकि अब रविवार को डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा की तरह प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए 'ट्रुथ सोशल' पर भारत के साथ ट्रेड डील फाइनल होने का ऐलान कर दिया।

## रूस से बंद कर अमेरिका-वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापारिक युग की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार (02 फरवरी) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाया पारस्परिक टैरिफ 18 फीसदी कर दिया। इसी के साथ लंबे समय से अटके व्यापार समझौते पर भी ट्रंप ने सहमति जताई है। ऐसे में अब व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते पर जानकारी साझा की है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को अमेरिका-भारत समझौते, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का जिक्र किया। लेविट ने दावा किया कि पीएम मोदी रूसी तेल की खरीद बंद करने और इसके बजाय अमेरिका और संभवत वेनेजुएला से तेल खरीदने पर सहमत हो गए।






# केंद्र और एनबीईएमएस को मिला सुप्रीम नोटिस

## नीट पीजी कटऑफ पर्सेंटाइल मामला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-पीजी 2025 के क्वालिफाइंग कट-ऑफ पर्सेंटाइल में किए गए संशोधन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज को नोटिस भेजकर उनसे जवाब मांगा है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 6 फरवरी निर्धारित की है। एनबीईएमएस की ओर से ऐसा इसलिए किया गया था ताकि कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी स्नातकोत्तर मेडिकल सीट के लिए काउंसलिंग के तीसरे राउंड में शामिल हो सकें।



## याचिका में क्या दी गई दलील?

अब कई दिनों के बाद सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, डॉ. सौरव कुमार, डॉ. लक्ष्य मित्तल और डॉ. आकाश सोनी ने दाखिल की थी। याचिका में तर्क दिया गया कि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में न्यूनतम योग्यता मानकों में कमी मनमाना, असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है।

लॉरेंस गैंग के शुभम लोंकर के साथ मिलकर रची साजिश

# रोहित शेट्टी फायरिंग केस में कामयाबी 4 गिरफ्तार, आरोपियों की हुई पहचान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के जुहू स्थित फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर पर 1 फरवरी 2026 को हुई फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात के मुख्य शूटर की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस घटना के बाद से रोहित शेट्टी की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। जानकारी के मुताबिक, फायरिंग की जिम्मेदारी बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों ने ली है। पहले रोहित शेट्टी के घर पर केवल दो पुलिसकर्मी तैनात थे, लेकिन हमले के बाद उनकी निजी सुरक्षा और घर के आसपास सुरक्षा और भी कड़ी कर दी गई है। अब तक इस केस में एक दर्जन से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस ने इस केस में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आदित्य ज्ञानेश्वर गायकी (19), सिद्धार्थ दीपक येनपुरे (20), समर्थ शिवशरण पोमाजी (18) और स्वप्निल बंडू सकट (23) शामिल हैं।



## अल्ट्रा-मॉडर्न हथियार से की गई फायरिंग

क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ है कि शूटर ने फायरिंग के लिए अल्ट्रा-मॉडर्न कंट्री मेड हथियार का इस्तेमाल किया था। इस दौरान 7.62**mm** की कुल पांच गोलियां चलाई गईं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये गोलियां 7.62×51एमएम थीं या 7.62×39एमएम, क्योंकि इस तरह की गोलियां आमतौर पर राइफल और मशीनगन में इस्तेमाल होती हैं और तेज रफ्तार व गहरी मार के लिए जानी जाती हैं।

उधमपुर में सेना का बड़ा एक्शन

# ग्रेनेड से गुफा उड़ाकर जैश के दो आतंकी का एनकाउंटर

एजेंसी ▶▶ उधमपुर

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैस का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था। मुठभेड़ मंगलवार को शाम 4 बजे शुरू हुई थी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के पास से एम4 कार्बाइन, एके-47 असॉल्ट राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। उधर, किश्तवाड़ के ही चतरू इलाके में बुधवार शाम को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एनकाउंटर हुआ। इसमें भी एक आतंकी को सेना ने मार गिराया।



## ऑपरेशन का नाम था 'किया'

व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सीआईएफ डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ का यह जॉइंट आपरेशन था। इसके तहत इलाके की घेराबंदी की गई। इसे ऑपरेशन 'किया' नाम दिया गया। मुठभेड़ मंगलवार को शाम 4 बजे शुरू हुई। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की। करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान एक आतंकी को गोली लगी, लेकिन वह अपने साथी के साथ गुफा के अंदर जाकर छिप गया। मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे आतंकियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर गुफा से बाहर निकलने की कोशिश की। इस दौरान फिर से फायरिंग हुई और तेज धमाकों की आवाज सुनी गई। इसके बाद अतिरिक्त सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया और घेराबंदी और कड़ी कर दी गई। सुरक्षा बलों ने बुधवार को आतंकियों पर यूबीजीएलएस (अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) का इस्तेमाल किया।





# जब सताए साइटिका का दर्द

कमर के निचले हिस्से से पैरों तक जाने वाली नस जब दबने लगती है तो साइटिका का असहनीय दर्द होता है। इस समस्या से बचने और इसके उपचार के बारे में कई कारगर उपाय आयुर्वेद में बताए गए हैं।

**आयुर्वेद**

डॉ. संजना शर्मा
आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, दिल्ली



साइटिका ऐसी समस्या है, जो व्यक्ति की रोजमर्रा की गतिविधियों को भी प्रभावित करता है। व्यक्ति को कमर के निचले हिस्से से नीचे पैरों तक असहनीय दर्द रहता है। बैठने पर पैरों में सुन्नपन आने लगता है। लेटने पर दर्द ज्यादा महसूस होता है। लेकिन जब व्यक्ति चलता है, तो शरीर गर्म होने लगता है और धीरे-धीरे साइटिका का दर्द कम होने लगता है।

**रोग का कारण:** हमारी रीढ़ की हड्डी कई छोटी-छोटी कशेरूकाओं से बनी होती है। कमर के हिस्से में एल-4, एल-5, एस-1, एस-2, एस-3 कशेरूकाएं होती हैं। इनके बीच एक नरम डिस्क होती है, जो झटकों से बचाने का काम करती है। साथ ही इनके बीच से बहुत पतली नसें निकलती हैं, जो आगे जाकर आपस में मिल जाती हैं और साइटिका नर्व बनाती हैं। यह नर्व हमारे कूल्हों से शुरू होकर दोनों पैरों में नीचे तक जाती है। आयुर्वेद में साइटिका को गृध्रसी रोग कहा जाता है और इसे वातजन्य रोगों की श्रेणी में रखा गया है। यह समस्या मुख्य रूप से बढ़े हुए वात दोष और दूषित कफ दोष के कारण उत्पन्न होती है। शरीर में वात दोष बढ़ने के कारण रीढ़ की नसें कमजोर होने लगती हैं, उनमें ऐंठन या दवाब बढ़ जाता है और गृध्रसी रोग उत्पन्न होता है। शरीर में बढ़ा हुआ वात डिस्क के अंदर मौजूद छल्लों के बीच के फ्लूड को सुखा देता है। यह फ्लूड लगभग 80 प्रतिशत पानी और 20 प्रतिशत प्रोटीन, कैल्शियम से बना होता है। फ्लूड सूखने के कारण छल्ले आपस में टकराने लगते हैं। उनके बीच की जगह खत्म हो जाती है और किसी न किसी नस पर दबाव पड़ने लगता है। जब नस दबती है, तो पूरे पैर में दर्द शुरू हो जाता है।



**इन्हें है अधिक रिस्क:** जिन लोगों के शरीर में वात यानी वायु अधिक बनती है या जिनकी नसें और मांसपेशियां कमजोर होती हैं, उन्हें साइटिका और कमर दर्द की समस्या ज्यादा होती है। इसके अलावा कुछ और कारण भी जिम्मेदार हैं।

- बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना या फिर शारीरिक गतिविधियां बिल्कुल न करना।
- बहुत देर तक खड़े रहना या लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहना।
- भारी वजन उठाने या गिरने की वजह से डिस्क का खिसकना या फिर डिस्क का अपनी सीध से बाहर निकल जाना।
- डिस्क दबने से कशेरूकाओं के बीच का गैप कम हो जाना या ज्यादा बढ़ जाना।
- वात बढ़ाने वाले आहार (जैसे-बींस, अंकुरित अनाज, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, सूखा और ठंडा भोजन या फिर कड़वे और कसैले रस वाले पदार्थ) का सेवन अधिक करना।

**क्या है उपचार:** सबसे जरूरी है शरीर से अतिरिक्त वात को बाहर निकालना। आयुर्वेद में इसके समाधान के कुछ उपाय बताए गए हैं-

- रोजाना एक चम्म्च मेथी के दाने (रात में भिगोए या लड्डू बनाकर) का सेवन करें। मेथी दाने वात दोष को संतुलित करने में मदद करते हैं, नसों को मजबूती देते हैं और कमर दर्द, साइटिका और जोड़ों के दर्द में धीरे-धीरे आराम पहुंचाते हैं।
- कुचले लहसुन की कलियों को दूध में उबालें और गुनगुना होने पर थोड़ा शहद मिलाकर पिएं। रोज रात सोने से 1 घंटा पहले कम से कम 20 दिन तक पिएं। लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो साइटिका नर्व की सूजन को कम करते हैं।
- लिक्विड शिलाजीत की 3-4 बूंदें दूध में मिलाकर 15 दिन तक पिएं। शिलाजीत हड्डियों और नसों को मजबूत करता है।
- सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच घर की पिसी हल्दी मिलाकर धीरे-धीरे छोटे-छोटे घूंट लेकर पिएं।
- बड़ी इलायची, दालचीनी, लौंग, गुड़ से बना काढ़ा वात और कफ दोष को संतुलित करता है। हड्डियों को मजबूत करता है और नसों को खोलता है। खाली पेट सेवन करना फायदेमंद है।
- भीगी-दरदरी पिसी उड़द दाल को भून लें। कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल, इलायची पावडर, पिसा गुड़ मिलाकर लड्डू बनाएं। खाली पेट या दिन में 1-2 लड्डू खाएं। उड़द की दाल नसों और मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करने में मददगार है। सूखा नारियल हड्डियों और जोड़ों के लिए बेहद लाभकारी है।
- भुने-दरदरा पिसे तिल और कद्दूकस किए गुड़ में थोड़ा-सा पकाकर बने लड्डू वात संतुलन के लिए बहुत ही लाभकारी हैं।
- हल्दी को सुखाकर पीस लें। 1 चम्मच हल्दी पावडर और 1 चम्मच तिल का तेल मिलाकर पेस्ट बनाएं और दर्द वाली जगह पर हल्के हाथ से दिन में दो बार मालिश करें। हल्दी नसों की मरम्मत में मदद करती है।

**रखें ध्यान:** साइटिका के दर्द से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना फायदेमंद है। जैसे-रोज व्यायाम करें। सही पॉश्चर में बैठें। एक जगह देर तक न बैठें या खड़े न रहें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। यथासंभव वातवर्धक खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें जैसे- दही, फूलगोभी, भिंडी, ठंडी, तली-भुनी और मसालेदार चीजें, खट्टी चीजें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

---

हालांकि कई स्थानों पर अभी सर्दी पड़ रही है। लेकिन जल्द ही आने वाले दिनों के मौसम में बदलाव होने लगेगा। बदलते हुए मौसम वाले इस महीने के लिए आपको अपना हेल्थ और फिटनेस रूटीन रीस्टार्ट करने की जरूरत होती है। ऐसा करना क्यों जरूरी है और इसे शेड्यूल करते समय किन बातों का ध्यान रखें, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# ऐसे बनाएं बदलते मौसम का हेल्थ-फिटनेस शेड्यूल

**हेल्थ सजेशन**

रेखा देशराज



साल का दूसरा अंग्रेजी महीना फरवरी केवल कैलेंडर का एक पन्ना नहीं होता बल्कि जीवनशैली को रीसेट करने का मौका भी होता है। दरअसल, इस महीने में देश के ज्यादातर हिस्से में मौसम सर्वाधिक अनुकूल होता है। न बहुत सर्दी होती है और न बहुत गर्मी होती है, सिवाय हिमालयन रेंज के प्रदेशों को छोड़कर। इसलिए यह महीना फिटनेस की आदतें बनाने और उन्हें मजबूत करने का महीना भी माना जाता है। अगर आने वाले एक माह को सही ढंग से प्लान किया जाए, तो पूरे साल सेहत की नींव मजबूत रह सकती है। इसलिए आइए जानें कि इस महीने में किस तरह अपनी हेल्थ-फिटनेस रूटीन को रीस्टार्ट करके सही डायरेक्शन में लाना चाहिए।

## तय करें फिटनेस टार्गेट

सबसे पहले तो यह तय कर लें कि आने वाले दिनों में फिटनेस के लिए क्या जरूरी लक्ष्य रखें, ताकि हेल्थ संबंधी अधिकतम फायदा उठाया जा सके। फिटनेस के मुख्य लक्ष्य कुछ इस प्रकार हो सकते हैं-

- शरीर की जकड़न को खत्म करना।
- स्टेमिना बढ़ाना और बरकरार रखना।
- सर्दियों में बढ़े वजन को नियंत्रित करना।
- इम्यूनिटी मजबूत करना।
- गर्मी के लिए शरीर को तैयार करना।

## इसलिए रीस्टार्ट करना है लाभकारी

बदलते हुए मौसम के दिनों में अपने हेल्थ-फिटनेस को रीस्टार्ट करना इसलिए जरूरी है क्योंकि सर्दियों में शरीर सुस्त हो जाता है। खान-पान भारी रहता है और गतिविधियां कम या बिल्कुल कम रहती हैं। लेकिन मिड फरवरी से शरीर उस सुस्ती से बाहर निकलने लगता है। धूप में हल्की गमाईश आ जाती है। सुबह जल्दी रोशनी दिखती है और दिन में अधिक वर्कआउट करने पर तो पसीना भी आने लगता है। ऐसे में एक्सरसाइज शुरू करना तुलनात्मक रूप से न सिर्फ आसान बल्कि ज्यादा फायदेमंद भी होता है। लेकिन यह ध्यान रखें कि इस महीने में एकदम से एक्सरसाइज का टफ रूटीन न अपनाएं। बजाय इसके इस महीने में धीरे-धीरे फिर से एक्सरसाइज की आदत डालें और जैसे-जैसे दिन बीतें उसे तेज करते चलें। ऐसा करने से यह महीना, साल का शानदार फिटनेस मंथ बनकर उभरता है। दरअसल फरवरी का महत्व इसलिए है कि इसमें शुरुआत करना आसान और एक्सरसाइज में सुधार के साथ निरंतरता कायम करना बेहतर रहता है। लेकिन रीस्टार्ट के समय कभी बहुत ज्यादा समय तक जिम न करें। इससे फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। इस महीने में एक्सरसाइज के छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें और कोशिश करें कि उनमें नियमितता रहे। अगर हर दिन 30 मिनट भी दिए जाएं तो बहुत उपयोगी रहेगा।

## एक्सरसाइज रूटीन हो ऐसा

इस मंथ के लिए आप अपना एक्सरसाइज रूटीन कुछ इस तरह का बना सकते हैं-

- मॉर्निंग वॉक करें, जिसमें हल्की जॉगिंग भी शामिल हो। इसके लिए 30-40 मिनट तक तेज-तेज चलें और सप्ताह में तीन दिन पांच से लेकर दस मिनट तक इस वॉकिंग में तेज जॉगिंग को भी जोड़ें।
- इस मौसम में एक्सरसाइज के लिए सबसे आदर्श जगह खुले पार्क, छत या धूप वाली कोई बेहतर जगह होती है। इससे हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। फैट बर्न होता है और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के लिए भी शरीर तैयार होता है। एक हफ्ते की मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग के बाद अगले हफ्ते तीन दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी करनी चाहिए।
- घर पर किए जाने वाले बेसिक अभ्यास में 15-15 स्क्वेट तीन बार। 10-10 पुशअप्स, तीन बार। प्लेंक, 30-30 सेकेंड तीन बार। इस स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मजबूत होती हैं। अगर इस ट्रेनिंग के साथ-साथ इसमें योग और स्ट्रेचिंग को भी मिला लें, हर दिन सिर्फ 20 मिनट तो समझिए और भी फायदेमंद होगा। योग और स्ट्रेचिंग के लिए हर दिन सूर्य नमस्कार 8 से 12 राउंड के अलावा भुजंगासन, ताड़ासन, वज्रासन, पवनमुक्त आसन, फायदेमंद होते हैं। इनसे शरीर का लचीलापन बढ़ता है और जोड़ों की अकड़न खत्म होती है।
- ब्रीदिंग एक्सरसाइज करना न भूलें। इसके लिए 10 मिनट अनुलोम-विलोम करें और 5 मिनट कपालभाती करें। इससे फेफड़े मजबूत होते हैं और इम्यूनिटी बेहतर होती है।

## सीजन के अनुसार डाइट प्लान

हेल्दी-फिट रहने के लिए केवल एक्सरसाइज करना पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए न्यूट्रीशस डाइट प्लान फॉलो करना भी जरूरी होता है। इसके लिए फरवरी के महीने में शरीर को हैवी से लाइट डाइट की तरफ शिफ्ट करना चाहिए। इन दिनों के लिए डाइट प्लान कुछ इस तरह से बनाएं-

- मौसमी सब्जियां जैसे गाजर, चुकंदर, पत्तागोभी और पालक को अपनी नियमित डाइट में शामिल करें।
- फलों में संतरा, अमरूद और पपीता का सेवन करना बहुत लाभकारी है।
- इस महीने में प्रोटीन के लिए दाल, दही, पनीर को जरूर शामिल करें। अगर नॉनवेज खाते हैं तो अंडा भी खा सकते हैं।
- इस बदलते मौसम में शरीर के लिए साबुत अनाज खाना भी फायदेमंद होता है। खासकर ओट्स, ब्राउन राइस और बाजरा जरूर खाना चाहिए।
- अच्छी डाइट के साथ यह जानना भी जरूरी है कि इन दिनों क्या चीजें न खाएं या कम खाएं? तली-भुनी चीजें, ज्यादा मीठा, पैकेज्ड स्नैक्स और देर रात खाने से बचना चाहिए।

याद रखें, सीजन के अनुसार डाइट में सुधार करना, फिटनेस रीस्टार्ट का सबसे कारगर स्टेप होता है।

### इस माह वजन कैसे घटाएं



सर्दियों के मौसम में अधिक भोजन करने और वर्कआउट में कमी से अकसर लोगों का वजन बढ़ जाता है। फरवरी में आमतौर पर इसे कम करने की प्रक्रिया शुरू होती है। क्योंकि फरवरी के लास्ट में बदन से पसीना निकालना आसान होता है, फरवरी में दिसंबर और जनवरी महीनों के मुकाबले मूवमेंट करना सहजता से संभव होता है। लेकिन ये सब फायदे तभी मिल सकते हैं, जब आप भूख नियंत्रित करें और खाने के तीन जरूरी नियमों का पालन करें। मसलन, रात का खाना शाम 6 से 7 बजे तक हर हाल में खा लें। रोज कम से कम 8 से 10 हजार कदम चलें। मीठे पेय जितना संभव हो बंद कर दें और शरीर के साथ-साथ मानसिक फिटनेस के लिए हर दिन पांच मिनट ध्यान जरूर लगाएं। साथ ही सुबह के समय धूप का सेवन करें और अपने स्क्रीन टाइम को घटाएं।

## आसान है हेल्थ मेंटेन करना

वैज्ञानिक दृष्टि से फरवरी माह के बदलते मौसम में आप अपनी फिटनेस दुरुस्त कर सकते हैं। क्योंकि इस माह के मिड से लास्ट आते-आते देश के ज्यादातर हिस्सों में आमतौर पर तापमान 15 से 25 डिग्री के बीच रहने लगता है, जो शारीरिक गतिविधियों के लिए आदर्श तापमान होता है। कई रिसर्च बताती हैं कि मध्यम तापमान में व्यायाम करने से हार्ट रेट स्थिर रहता है और चोट का जोखिम भी कम होता है। इसलिए सर्दियों के मुकाबले गुलाबी सर्दी वाले इस महीने में हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन रखना आसान होता है। *

---

**डाइट**

राजकुमार 'दिनकर'

# हेल्थ के लिए अधिक लाभकारी पेड़ पर लगने वाली सब्जियां



हालांकि सभी सब्जियों और फलों में अलग-अलग स्वास्थ्यवर्धक गुण होते हैं। लेकिन वनस्पति वैज्ञानिकों के अनुसार पेड़ पर लगने वाली सब्जियां चूंकि कम पानी, ज्यादा धूप और गहरी जड़ों से खूब सारे खनिज खींचने की क्षमता रखती हैं, इसलिए इन सब्जियों में खनिज तत्व, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर की मात्रा, जमीन के भीतर या उसकी सतह पर लगने वाली सब्जियों से काफी ज्यादा होती है। ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में जानिए।

**सहजन:** सहजन या मोरिंगा, जिसकी फलियां पेड़ पर लगती हैं, में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी6, कैल्शियम, पोटेशियम की काफी ज्यादा मात्रा पाई जाती है। सहजन की पत्तियों को सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि इससे ब्लड शुगर कंट्रोल होती है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। थायरॉइड और एनीमिया में फायदा होता है।

**कटहल:** कटहल को प्लांट बेस्ड मीट भी कहते हैं। इसमें प्रोटीन, पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। कच्चा कटहल पाचन के लिए अच्छा होता है, क्योंकि इसमें शुगर बहुत कम होती है, जबकि इसका बीज आयरन से भरपूर होता है। एनीमिया से ग्रस्त लोगों के लिए यह बीज बहुत फायदेमंद होता है। कटहल में पेट भरा रखने वाला फाइबर भी काफी मात्रा में होता है, जिससे हमारा वजन नियंत्रित रहता है।

**केले का फूल:** बनाना ब्लॉसम यानी केले के फूल को सबसे अच्छा हार्मोनल बैलेंसर माना जाता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। इसमें आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से डायबिटीज, पाचन और पीसीओडी को नियंत्रण में रखने में मदद मिलती है।

**कंदाल:** कंदाल यानी ब्रेड फ्रूट, ऊर्जा और फाइबर का भंडार होती है। इसमें उच्च स्तर का स्टार्च होता है, जो तुरंत ऊर्जा देता है। इसमें अच्छी क्वालिटी का फाइबर मिलता है, जिससे कोलन की सफाई होती है। यह ग्लूटेन फ्री होता है। *

---

**योगोपचार**

संध्या रानी

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। किसी समय तेज ठंडी तो किसी समय तापमान सामान्य हो जाता है। ऐसे में बीमार होने से बचने के लिए आप कुछ योगासनों का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# बदलते मौसम के रोगों से बचाएंगे ये योगासन

हालांकि कुछ राज्यों में सर्दी का प्रकोप बना हुआ है लेकिन कई स्थानों पर मौसम बदलने लगा है। ठिठुरन कम होने लगी है। ऐसे में लापरवाही बरतना आपको बीमार कर सकता है। इसलिए शरीर को गर्म रखना जरूरी है। इसके लिए योग से बेहतर कोई दूसरा सरल कारगर माध्यम नहीं है। कुछ आसन आपके दिमाग के साथ-साथ शरीर को भी पूरे दिन फ्रेश और गर्म रख सकते हैं। हालांकि इस मौसम में आलस और थकान भी बनी रहती है। इसलिए बदलते मौसम के साथ अपने खान-पान पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। जो शरीर को गर्म रखने में सहायक हो। शरीर को गर्म रखने के लिए अपनी दिनचर्या में कुछ योगासन को शामिल करके अपने शरीर को गर्म रख सकते हैं और ठंड से भी राहत पा सकते हैं। इतना ही नहीं यह शरीर को लचीला बनाने के साथ सक्रिय भी बनाता है। यहां कुछ योगासन बताए जा रहे हैं, जिनको करने से आप स्वस्थ ही नहीं, बल्कि ठंड से भी राहत पा सकते हैं।




**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार कई आसनों का एक साथ लाभ देता है। इसके बारह स्टेप्स होते हैं, जो हमारे पूरे शरीर को एक्टिव रखने में मदद करते हैं। इस आसन को करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहते हैं। इतना ही नहीं इस आसन को करने से तुरंत गर्मी आती है और हमारी मांसपेशियों का तनाव भी दूर होता है। इसलिए ठंड से बचने के लिए इस योगासन को जरूर करना चाहिए। इसे करने से सभी अंगों का एक्सरसाइज हो जाती है। लेकिन एक बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी क्षमता के अनुसार ही धीरे-धीरे इसका अभ्यास बढ़ाएं।

**भुजंगासन:** यह आसन पेट के बल लेट कर किया जाता है। यह आपके फेफड़े को खोलता है। इसे करने से कमर दर्द में राहत मिलती है। यह आसन न सिर्फ रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि आपके शरीर के तापमान को भी बनाए रखने में सहायक होता है।

**हलासन:** यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है और पाचन की समस्याओं को सुधारता है। इसके अलावा मधुमेह, ब्लड प्रेशर और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। इसके साथ ही यह पेट की चर्बी को घटाने में, अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाने में और मानसिक शांति के लिए सबसे बेहतर आसन माना जाता है। हार्निया, हाई ब्लडप्रेशर, पीठ, गर्दन में गंभीर चोट या गर्भावस्था के दौरान इस आसन को नहीं करना चाहिए।





**ताड़ासन:** इसे करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। इससे खून का बहाव तेज होता है और अकड़न दूर होती है। जिन्हें हार्निया की शिकायत हो, वे इस आसन को न करें।

**कपालभाति प्राणायाम:** किसी भी आसन में बैठ जाएं। अपनी आंखों को बंद कर लें और चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब दाएं नाक के छिद्र को दाएं अंगूठे से बंद कर बाएं नाक से सामान्य सांस अंदर लेकर उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकालें। यह अभ्यास बीस बार कीजिए। फिर यही अभ्यास बाएं नाक के छिद्र से भी करें। फिर अंत में यह क्रिया दोनों नाकों से करें।

**ध्यान:** किसी आरामदायक आसन में बैठ जाएं और अपने सिर और गले को सीधा कर लें। अपने हाथों को घुटने पर रख लें। आंखों को ढीला कर और चेहरे को हल्का बनाकर ढीला छोड़ दें। अब अपने सांस पर मन को एकाग्र करने का प्रयास करें। इसे दस से पंद्रह मिनट प्रतिदिन करने का अभ्यास करें।

यहां बताए गए आसनों का अभ्यास योग प्रशिक्षक से सीखकर ही करें। *

(योग आचार्य (डॉ.) कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)



### जयशंकर की यूएस विदेश मंत्री से मुलाकात

# साझा हितों को बढ़ाने दोनों देशों के बीच जल्द होंगी कई 'बैठकें'



वॉशिंगटन में डॉ. एस. जयशंकर और मार्को रूबियो के बीच मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर इन दिनों अमेरिकी दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के साथ अलग-अलग बैठकें कीं, जिसमें भारत-अमेरिका रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मार्को रूबियो से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज दोपहर अमेरिकी सीनेटर रूबियो से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय सहयोग एजेंडा व क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई। भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के जिन पहलुओं पर चर्चा हुई, उनमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और टेक्नोलॉजी शामिल थे। अपने साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न मैकेनिज्म की जल्द बैठकों पर सहमति बनी।

#### *हालिया समझौते का किया स्वागत*

*यह बैठक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच बाधाओं को कम करने और बाजार पहुंच का विस्तार करने के उद्देश्य से एक व्यापार समझौते की घोषणा के एक दिन बाद हुई। बयान में कहा गया है कि सेक्रेटरी रूबियो और मंत्री जयशंकर ने समझौते का स्वागत किया। उन्होंने नए*

#### *वित्त मंत्री से मिले*

*इससे पहले, एस. जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट से भी मुलाकात की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में स्कॉट बेसेंट के साथ मुलाकात की तस्वीर शेयर की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि वाशिंगटन में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट से मिलकर खुशी हुई।*

### हंगामे के बीच गोयल ने संसद में बताए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फायदे

# 'हिंदुस्तान मुख्य रूप से कृषि और दुग्ध जैसे क्षेत्रों के हितों की रक्षा करने में सफल रहा'

### केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने व्यापार समझौते को लेकर भारत का पक्ष देश के सामने रखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बजट सत्र के दौरान बुधवार का दिन भी संसद में हंगामे के ही नाम रहा। लोकसभा में कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील, राष्ट्रपति अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को न बोलने देने के मामले, मुख्य विपक्षी दल के 8 सांसदों को सत्र की बाकी बची हुई कार्रवाई से निष्कासित करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर पोस्टर-बैनर सहित सरकार विरोधी नारेबाजी के साथ जमकर हंगामा किया। इसी शोर-शराबे के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार समझौते को लेकर भारत का पक्ष देश के सामने रखा। एक बार के स्थगन के बाद जब दोपहर 12 बजे सदन की कार्रवाई की शुरुआत हुई तो गोयल बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने ट्रेड डील का पुरजोर अंदाज में समर्थन करते हुए भारत को इससे बड़े पैमाने पर होने वाले फायदे गिनाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दोनों देशों के बीच करीब एक साल की लंबी चर्चा के बाद यह महत्वपूर्ण क्षण आया है। जब वार्ताकारों के दल ने अपनी गहन बातचीत के साथ समझौते से जुड़े हुए कई क्षेत्रों को अंतिम रूप दे दिया है। जिसके तहत दोनों देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं के अहम-संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए संभव परिणाम चाहेंगे।

#### विकसित, आत्मनिर्भर बनेगा भारत

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष समझौते पर आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने के काम में लगे हुए हैं। इसके संपन्न होने के बाद ही जरूरी घोषणा की जाएगी। डील की मदद से भारत के विकसित होने के साथ ही आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

#### टैरिफ घटेगा तो होगा यह लाभ

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बीते सोमवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत में द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी करने के फैसले की भी घोषणा की है। जो अमेरिका द्वारा कई अन्य प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए टैरिफ से कम है। टैरिफ में कटौती से अब भारत का अमेरिका को किया जाने वाला निर्यात बढ़ेगा। साथ ही इससे श्रम प्रधान क्षेत्रों को महत्वपूर्ण, तुलनात्मक रूप से फायदा होगा। केंद्र सरकार ने खाद्य-कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संवेदनशीलता का पूरी तरह से ध्यान रखा है। पीयूष गोयल के मुताबिक, समझौते से छोटे और मझौले उद्योगों, कुशल श्रमिकों के लिए नए अवसर खुलेंगे, देश में नई और आधुनिक तकनीक आएगी। नवाचार के दृष्टिकोण से भी यह लाभप्रद साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 की हमारी विकसित भारत की यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में भी यह एक अहम कदम साबित होगा। इसके अलावा ये भारत-अमेरिका मजबूत जुड़ाव को भी प्रदर्शित करता है।

# पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा को मलेशिया की यात्रा पर जाएंगे सीईओ फोरम में लेंगे भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यह पीएम मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिए जाने के बाद पहली यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान वे पीएम अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। पीएम मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह मलेशिया के पीएम के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम मोदी को मलेशिया के पीएम दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने आमंत्रित किया है। यह पीएम मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिए जाने के बाद पहली यात्रा होगी।

#### सहयोग वाले क्षेत्रों पर होगी समीक्षा

पीएम की आगामी यात्रा दोनों नेताओं के लिए व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग से लेकर डिजिटल और वित्तीय प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन के संपूर्ण दायरे की समीक्षा होगी। करने का अवसर प्रदान करती है। साथ ही पारस्परिक लाभ के लिए भविष्य में होने वाले सहयोग की रूपरेखा तैयार करने का भी अवसर देती है।

**Department of Soil and Water Conservation Engineering SV College of Agricultural Engineering and Techoloxgy & Research Station Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Raipur - 492012 (C.G.)**

क्रमांक / SWCE / 2026 / रायपुर, दिनांकः 02/02/2026

**संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में संचालित **"वाष्पोत्सर्जन और मृदा नमी उत्पादों के सत्यापन हेतू लिए प्रक्षेत्र उपकरण"** मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विभाग, रायपुर में संविदा नियुक्ति पर जूनियर तकनीकी सहायक (रू 26490/- प्रतिमाह) हेतु आवेदन पत्र दिनांक 12 फरवरी, 2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igkv.ac.in पर उपलब्ध है।

विभागाध्यक्ष
मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी

S-46776/1

# गाजा में इजरायली गोलीबारी, 17 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| तेलअवीव



इजरायल ने गाजा में हमला किया है। इसमें 17 लोगों की मौत बताई जा रही है। गाजा के अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि गाजा में इजरायली हमले में 17 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। वहीं इजरायल ने कहा कि हमले तब हुए जब आतंकवादियों ने उसके सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसमें एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि सात महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए, जिनमें एक 5 महीने का बच्चा और सिर्फ़ 10 दिन का एक शिशु शामिल है।

**अक्टूबर 2025 में लागू हुआ था सीजफायर समझौता :** बता दें कि हमास और इजरायल के बीच 10 अक्टूबर, 2025 को सीजफायर समझौता लागू हुआ है। इसके बाद भी घातक इजरायली हमले होते रहे हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इस दौरान इजरायल द्वारा 530 से ज़्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा शहर के शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहम्मद अबू सेल्मिया ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, 'गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ नरसंहार युद्ध जारी है।

#### इजरायल की सेना ने क्या कहा?

वहीं मध्यस्थों ने हमलों की निंदा की है और हमास ने इन्हें समझौते का उल्लंघन बताया है। जबकि इजरायल की सेना का कहना है कि वह हमास के उल्लंघनों या उसके सैनिकों पर आतंकवादी हमलों का जवाब दे रही है। इजरायली सेना का कहना है कि युद्धविराम लागू होने के बाद से चार सैनिक मारे गए हैं। बुधवार तड़के इजरायली सैनिकों ने उत्तरी गाजा के तुफ्फाह इलाके में एक इमारत पर गोलीबारी की, जिसमें 11 लोग मारे गए, जिनमें से ज़्यादातर एक ही परिवार के थे। इजरायल की सेना ने कहा कि उसके विमानों और बख्तरबंद इकाइयों ने जवाबी गोलीबारी की जब आतंकवादियों ने सैनिकों पर गोली चलाना शुरू कर दिया, जिससे एक रिजर्व सैनिक बुरी तरह घायल हो गया जिसे अस्पताल ले जाया गया।

**कार्यालय प्राचार्य, गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय, भाटापारा**
**जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा पिन- 493118**
नैक द्वारा प्रत्यायित महाविद्यालय : ग्रेड 'बी' सीजीपीए 2.48
College Code 1210
Phone No-07726-299484 Email-principalgovtlawcollege@gmail.com

क्रमांक/479/स्था. /2026 भाटापारा, दिनांकः 04/02/2026

**-:: विज्ञापन ::-**

कार्यालय कलेक्टर जिला खनिज संस्थान न्यास जिला बलौदाबाजार भाटापारा का आदेश क्रमांक 250159648366 दिनांक 05.01.2026 के द्वारा गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा (छ.ग.) में D.M.F. मद से अस्थायी रूप से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 01 पद, भृत्य के 02 पदों की पूर्ति किया जाना है, जिसके लिये दिनांक 13/02/2026 को महाविद्यालय में साक्षात्कार आयोजित है।

**टीप :-** 01. शैक्षणिक योग्यता छ. ग. शासन के नियमानुसार। 02. अभ्यर्थी /आवेदक को जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 03. D.M.F. मद से कार्यालय कलेक्टर बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा निर्धारित मानदेय।

**आवेदन करने की प्रक्रिया तथा अन्तिम तिथि :-** उक्त पदों हेतु आवेदन महाविद्यालय कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा कार्यालयीन समय में दिनांक 11/02/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

(डॉ. रीता दीवान)
प्राचार्य

**कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित**
वन धन भवन, सेक्टर 24 नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर
दूरभाषः (0771) 2513100 से 2513110
E-mail: mfpfed.cg@nic.in Website : www.cgmfpfed.org
GST No. 2AABAC5137E2ZC

**लघु वनोपज आधारित कार्यों के संचालन हेतु इंटर्नशीप योजना अंतर्गत इंटर्नस (लैब एनालिस्ट) हेतु साक्षात्कार (Walk In Interview) आयोजित किये जाने बाबत**

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, अटल नगर, नवा रायपुर में इंटर्न - लैब एनालिस्ट ( सामान्य एवं माइक्रो ), मासिक मानदेय 15,000 + 1500 मासिक अनुसंधान भत्ता + इंसेन्टिव के आधार पर एक वर्षीय इंटर्नशीप हेतु राज्य के विभिन्न जिला यूनियनों के लिए साक्षात्कार (Walk In Interview) का आयोजन दिनांक 24.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक संबंधित जिले के वन वृत्त कार्यालय में किया जाना है।

इंटर्नशीप हेतु जिलेवार रिक्तियों का विवरण, आवेदन प्रारूप, नियम-शर्ते एवं चयन प्रक्रिया आदि का विस्तृत विवरण संघ मुख्यालय की वेबसाईट - www.cgmfpfed.org पर देखी जा सकती है। योग्य अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि एवं स्थल में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग लेंगे।

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर (छ.ग.)

S-46781/1

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
**जोन क्रमांक-06**
(नवीन अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड तृतीय तल, जलगृह मार्ग रावणभाठा रायपुर
(E-Mail ID. rmzone6@gmail.com)

**ई निविदा संशोधन सूचना**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा क्रमांक 1455 दिनांक 27.01.2026 के द्वारा ऑनलाईन निविदा जारी किया गया है। जिसमें जारी निविदा त्रुटि को निम्नानुसार संशोधित किया जाता हैः-

(1) Uplod NIT के पेज नम्बर 02 में कंडिका क्रमांक 09 में Tender Form Fee Rs. 2000 Scan copy of (DD) त्रुटि हो गया है। जिससे NIT में पेज नम्बर 02 में दर्शित अनुसार Tender Form Fee Rs. 5000 Scan copy of (DD) माना जावे।

(2) Uplod NIT में शपथ पत्र Uplod किया गया है। जिसमें त्रुटि होने के कारण संशोधित शपथ पत्र Uplod NIT किया जाता है।

निविदा से संबंधित अन्य जानकारियां यथावत रहेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-06
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address.csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st Call)**
(Through e-Procurement Portal Only)

No. 17/CSIDC/E.E. Division-II/2025-26 Raipur, Dated 04/02/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following work :-

| Nit No. | Name of work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed including Rainy season | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs) | EMD (INR Lacs.) | Cost of Tender Document (Including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Proposed Construction of Flatted Factory Complex (G+3) at Industrial area Birkoni Disttrict Mahasamund (C.G.) | Open To All | 18 Months | 3010.94 | 15.05 | 3,540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 05/02/2025 Time 17.00 hrs. and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

Executive Engineer
(Division-II)

S-46780/2

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध वेबसाईट www.csidc.in देखे।

### धुरंधर 2 के लोकेशन मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज

**मुंबई।** धुरंधर 2 के लोकेशन मैनेजर के खिलाफ मुंबई में पुलिस शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि फिल्म की शूटिंग ड्रोन के जिरए बिना इजाजत साउथ मुंबई के हाई सिक्योरिटी एरिया में की जा रही थी। फिल्म के लोकेशन मैनेजर रिंकू राजपाल वाल्मिकी के खिलाफ 1 फरवरी को मुंबई के एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 233 (कानूनी आदेशों की जानबूझकर अवहेलना) के तहत शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि फिल्म के एक हिस्से की शूटिंग साउथ मुंबई के हाई सिक्योरिटी फोर्ट एरिया में हो रही थी। शूटिंग के समय ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था, जो उस एरिया में प्रतिबंधित है। ड्रोन के इस्तेमाल के लिए टीम की तरफ से एथॉरिटी से किसी तरह की इजाजत भी नहीं ली गई थी।

### तिरुमला लड्डू मिलावट : सरकार बनाएगी कमेटी

**तिरुमला।** आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुमला लड्डू प्रसादम में मिलावट के मामले की जांच के लिए कमेटी बनाने का फैसला किया है। राज्य के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने बताया कि इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मामले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में पूर्व टीटीडी अधिकारी अनिल कुमार सिंघल, धर्मा रेड्डी और ओ. बालाजी पर आरोप लगे हैं। इन अधिकारियों ने टेंडर नियमों में ढील दी और गुणवत्ता जांच के लिए तय बेंचमार्क को हटा दिया था। सरकार फिलहाल चार्जशीट का इंतजार कर रही है। वित्त मंत्री ने बताया कि एनडीडीबी-काल्फ की रिपोर्ट में तिरुमला लड्डू में लार्ड, टैलो और फिश ऑयल जैसे संदिग्ध मिलावटी पदार्थों की पहचान हुई है।

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**पं. ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)**

**:: तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 2181 रायपुर, दिनांक 03/02/2026

पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत Multidisciplinary Research Unit के लिए मेडिकल उपकरण क्रय हेतु पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ रू. 1000/- नगद भुगतान कर दिनांक 11.02.2026 की शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकतें हैं।

निविदा जमा की अंतिम तिथि - 12/02/2026 समय दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 12/02/2026 समय सायं 04:00 बजे

**स्थान** :- अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

(निविदा प्रपत्र चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in में प्राप्त किया जा सकता है। किन्तु रूपये 1000/- राशि जमा करने के उपरांत ही निविदा स्वीकृत होगा।

अधिष्ठाता
पं. ज. ने.स्मृति चिकित्सा
महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

G-252605948/1
G-252606456/1

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN 040308CT20035GC015820
कार्या. कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही. उपकेन्द्र संभाग छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि, बिलासपुर (धरदेही)

क्र.34-00/400 के.व्ही./स्था./547 धरदेही, दिनांक 04.02.2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही. उपकेन्द्र संभाग छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. बिलासपुर (धरदेही) द्वारा कार्यालयीन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित एक नग वाहन SUV Category (earlier Jeep) श्रेणी तथा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध पर (01 वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों के मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही. उपकेन्द्र संभाग छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. बिलासपुर (धरदेही) कार्यालयीन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित एक नग वाहन SUV Category (earlier Jeep) श्रेणी तथा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध पर (01 वर्ष) हेतु | दिनांक 25.02.2026 समय 17:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।

उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा तिथि विस्तार आदि की सूचना केवल विभागीय वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही.उपकेन्द्र संभाग,
छ.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. बिलासपुर (धरदेही)

**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 3066 / नपानि / लोनिवि / 2026 जगदलपुर दिनांक 03/01/2026

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | NIT. No. | S.T. No. | Name of work | PAC (Lakhs) | Amount | Processing Fee | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 116 | 184644 | Construction of CC road from PMAY 116 unit to BT road in Chhatrapati Shivaji Ward No.35 (IInd Call) | 22.47 | 18000.00 | 1500.00 | Present Rate |
| 2 | 117 | 184645 | Construction of RCC drain from Sai Colony to Chitrakot Road in Dalpat Sagar Ward No. 18 (IInd Call) | 14.00 | 12000.00 | 750.00 | |
| 3 | 118 | 184646 | Construction of RCC drain from Hinglajin Temple to Chandni Chowk in Maharani Ward No. 14 (IInd Call) | 38.83 | 30000.00 | 1500.00 | |
| 4 | 119 | 184647 | Construction of RCC drain and culvert behind Commissioner house at Baliram kashyap ward No. 43 (IInd Call) | 13.95 | 11000.00 | 750.00 | |
| 5 | 120 | 184648 | Construction of RCC Drain from in arman chikan center to yadav house at Lal Bahadur Shastri Ward No. 8 Jagdalpur (IInd Call ) | 12.80 | 12000.00 | 750.00 | |
| 6 | 121 | 184649 | Construction of an RCC drain from Bakshi's house to Mukta Jhali's house in Ambedkar Ward No. 29. (IInd Call) | 11.78 | 10000.00 | 750.00 | |
| 7 | 122 | 184650 | Suppliying, Installation, Testing & Commissioning of street lighting work from Chandni Chowk to Court Chowk (IInd Call) | 49.99 | 37500.00 | 1500.00 | Present & Item Rate |
| 8 | 123 | 184651 | Construction of aspirational toilets in the vacant land of the Collectorate (Balance work). 'as per enclosed specifications and drawings including Defect liability period of 36 months from the date of completion. (IInd Call) | 23.82 | 18000.00 | 1500.00 | Lumpsum Rate |
| 9 | 124 | 184671 | Construction of Anganwadi building including internal electrification and rainwater harvesting at Rajendra Nagar Ward 21 | 12.00 | 12000.00 | 750.00 | Present Rate |
| 10 | 125 | 184675 | Construction of Anganwadi building including internal electrification and rainwater harvesting at Kushabhau Thackeray Ward 48 | 12.00 | 12000.00 | 750.00 | |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर कार्य क्र. 1 से 8 तक का दिनांक 19/02/2026 को सायं 5.30 बजे तक एवं कार्य क्रमांक 9 व 10 का दिनांक 23/02/2026 को सांय 5.30 बजे तक देखे / क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://uad.cg.gov.in मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्तें, बी.ओ. क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेवसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**टीप :-** निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है। टेंडर डाकुमेंट एण्ड प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डी. डी. जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो जमा किया जाना अनिवार्य है।

आयुक्त
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

S-46782/1

"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें"

**कार्यालय कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी**
**जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**// निविदा //**

**क्रमांक/ 398/ कले./जनगणना/2026 कांकेर, दिनांक 30/01/2026**

भारत की जनगणना - 2027 कार्य के लिए जिला कार्यालय कांकेर, समस्त तहसीलों एवं नगरीय निकायों में तकनीकी सहायक हेतु कुल 19 कार्मिको तथा एम. टी. एस. (चतुर्थ श्रेणी ) 01 कार्मिक की माह फरवरी 2026 से जून-2027 कुल 17 माह की अवधि के लिए एजेंसी के माध्यम से नियुक्ति किया जाना हैं। इस इच्छुक पंजीकृत फर्मो/ Placement Agency/ LabourSpplier/ Contractor /Registered NGO से दिनांक 13.02.2026 को अपराह 03:00 बजे तक बन्द लिफाफे में दर आमंत्रित है। प्राप्त निविदा दिनांक 13.02.2026 को शाम 4:00 खोला जायेगा। निविदा की शर्ते, निविदा का प्रारूप आदि विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट www.kanker.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर
(एवं प्रमुख जिला जनगणना अधि.)
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

G-252606442/1

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)**

**:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर निम्नानुसार 03 समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य हेतु Risk and cost पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्र./दिनांक/ सिस्टम नं. | जिला | समूह जल प्रदाय योजनाओं का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 335/ 02-02-2026 184762 | सूरजपुर | केनापारा (गंगीकोट) | 2271.57 |
| 2 | 336/ 02-02-2026 184763 | सूरजपुर | बड़वार | 2001.09 |
| 3 | 337/ 02-02-2026 184764 | सूरजपुर | बिहारपुर | 2023.12 |

**Important Events and Time Schedule - Bid Start Date 02-02-2026, Pre Bid meeting date 09-02-2026, Bid Due Date- 23-02-2026, PHY Doc. Submission last Date 25-02-2026, PQ Document Download Date 26-02-2026.**

**नोटः-** 1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामांन्य शर्तो, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 02.02.2026 से देखी जा सकती है। 2. विभाग द्वारा कालीसूची में डाले गये ठेकेदार भाग नहीं लेंगे।

कार्यपालन अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ)
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

G-252606434/3




## 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दो प्रेमियों की कहानी देखने को मिलती है। दोनों की पसंद अलग है, लेकिन फिर कैसे दोनों एक-दूसरे के प्यार में पड़ते हैं और अंत में उनकी प्रेम कहानी किस मोड़ पर पहुंचती है, ये फिल्म में देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में मृणाल (रोशनी) और सिद्धांत (शशांक) के किरदार अपनी-अपनी आदतों और पसंद के बारे में बताते हैं। इसके बाद ट्रेलर में देखने को मिलता है कि दोनों की शादी की बात होती है, जहां शशांक के घरवाले रोशनी के घर रिश्ता लेकर जाते हैं। दोनों के पेरेंट्स दोनों को शादी करने के लिए कहते हैं और कैसे बात करना है ये बताते हैं। शशांक 'श' को 'स' कहता है, जिसके चलते उसे पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शादी के लिए रोशनी शशांक को मना कर देती है। लेकिन बाद में दोनों एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं और उनके बीच प्यार पलने लगता है।

लाइफ Style

# जैकलीन
## काशी में लिया चाट का मजा

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज हाल ही में वाराणसी पहुंची थीं। उन्होंने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के साथ शहर की गलियों में घूमकर स्थानीय स्वादिष्ट स्नैक्स का भी लुत्फ उठाया। अभिनेत्री ने वहां की खूबसूरत झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर कीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तस्वीरों में जैकलीन पारंपरिक पिंक कलर के सूट में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे मुस्कराते हुए पोज दे रही हैं, तो कुछ में काशी की खास वाइब्स को एंजॉय करती दिख रही हैं। एक तस्वीर में उन्होंने वाराणसी की मशहूर चाट की फोटो पोस्ट की है, जिससे साफ पता चलता है कि अभिनेत्री काफी फूडी हैं और अलग-अलग जगहों पर वहां के पारंपरिक खाने को ट्राई करने में दिलचस्पी रखती हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ लिखा, "वाराणसी।" फैंस को जैकलीन का पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की है। साल 2006 में उन्होंने 'श्रीलंका यूनिवर्स' का खिताब जीता था। इसके बाद 2009 में फिल्म 'अलादीन' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली जैकलीन को शुरुआती संघर्ष के बाद 2011 में फिल्म 'मर्डर 2' से बड़ी पहचान मिली। ऑस्ट्रेलिया से मास मीडिया में स्नातक करने वाली जैकलीन आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार हैं, हालांकि हाल के वर्षों में वह ठग सुकेश चंद्रशेखर मामले को लेकर भी विवादों में रही हैं। अभिनेत्री हाल ही में कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आईं, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और आकाशदीप साबिर जैसे एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं।



हॉलीवुड मसाला



## चैपल का रेड कार्पेट लुक बना टॉक ऑफ द टाउन

लॉस एंजेलिस। ग्रैमी अवॉर्ड्स का मंच हमेशा से ही अपने संगीत और अनूठे फैशन के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन इस बार 'हॉट टू गो' फेम गायिका चैपल रोआन का रेड कार्पेट लुक टॉक ऑफ द टाउन बन गया है। उनके बोल्ड और आर्टिस्टिक 'मुलर' गाउन ने इंटरनेट को दो धड़ों में बांट दिया है। 68वें वार्षिक ग्रैमी अवॉर्ड्स में चैपल रोन ने जैसे ही कदम रखा, कैमरे उनकी ओर मुड़ गए। उन्होंने मुलर का डिजाइन किया गया एक कस्टम शीयर गाउन पहना था, जिसने सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाओं का तूफान खड़ा कर दिया। चैपल रोआन का यह लुक कोई साधारण फैशन चॉइस नहीं था। यह लेजेंडरी डिजाइनर मैनफ्रेड थियरी मुलर के 1998 के स्प्रिंग/समर 'ज्यू डी पॉम' कॉउचर कलेक्शन से प्रेरित था। इस ऐतिहासिक लुक को फैशन हाउस मुलर के डिजाइनर मिगुएल कास्त्रो फ्रीटास ने 2026 के लिए नए सिरे से तैयार किया था।

## 'द ड्रामा' का ट्रेलर आया सामने



**लॉस एंजेलिस।** 3 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म 'द ड्रामा' एक ऐसे रोमांस की कहानी है, जो एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद बिखरने लगता है। ट्रेलर की शुरुआत में जेंडया और रॉबर्ट पैटिनसन एक परफेक्ट कपल के रूप में नजर आते हैं, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब एक सच उनके रिश्ते की नींव हिला देता है। 'द ड्रामा' में, जेंडाया एम्मा का किरदार निभा रही हैं, जो एक इंग्लिश ग्रेजुएट है और मिशन बुक्स में काम करती है, जबकि पैटिनसन चार्ली का किरदार निभा रहे हैं, जो कैम्ब्रिज आर्ट म्यूज़ियम के डायरेक्टर हैं और उनके पास आर्ट हिस्ट्री में पीएचडी है। यह कपल बहुत प्यार में और इमोशनली सिक्योर लगता है, जब तक कि एक अकेला कन्फेशन उनके बनाए हुए सब कुछ को खत्म करने की धमकी नहीं देता। ट्रेलर दर्शकों को एम्मा और चार्ली की एक अंतरंग शाम से मिलवाता है, जिसमें एक और कपल भी है, जिसका किरदार अलाना हैम और महमूदू एथी ने निभाया है। जो एक आरामदायक वाइन नाइट के तौर पर शुरू होता है, वह जल्द ही कन्फेशन के एक इमोशनली चार्ज्ड गेम में बदल जाता है।




## तापसी की 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये ट्रेलर मजबूत कहानी के साथ अच्छी स्टारकास्ट की झलक दिखा रहा है। ये ट्रेलर काफी प्रॉमिसिंग और मजबूत कहानी वाला नजर आ रहा है। ये फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस ट्रेलर की एक टैगलाइन है 'उस रात वो घर नहीं पहंची', इसी से समझ में आता है कि ये कहानी क्या होगी। ट्रेलर एक कोर्टरूम ड्रामा है, जिसमें तापसी एक वकील के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म में तापसी एक रेप विक्टिम को न्याय दिलाने की कोशिश करने में लगी हैं। ट्रेलर से समझ आता है कि ये एक रेप विक्टिम की कहानी है, जो रात में अपने घर आ रही होती है और उसे रास्ते में कुछ लोग गाड़ी में ले जाते हैं और रेप कर फेंक देते हैं। इसके बाद शुरू होता है कोर्टरूम ड्रामा, जो हर किसी के दिमाग के पुर्जे हिला सकता है।

## कल्कि 2898 एडी-2 में नजर आ सकती हैं साई पल्लवी

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को फैंस ने खूब पसंद किया। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन जैसे स्टार्स थे। नाग अश्विन की फिल्म का दूसरा पार्ट बन रहा है, और इस बात को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं कि सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह कौन लेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साई पल्लवी फिल्म के सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह लेंगी। साई पल्लवी दीपिका पादुकोण को रिप्लेस कर रही हैं। फिल्म की टीम के एक रिप्रेजेंटेटिव ने कन्फर्म किया है कि दीपिका पादुकोण की जगह साई पल्लवी को लेने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। लेकिन हां, दीपिका के बाहर होने के बाद, मेकर्स रोल के लिए साई पल्लवी पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि साई पल्लवी इस रोल के लिए परफेक्ट होंगी। हालांकि, साई पल्लवी को अभी फाइनल नहीं किया गया है। कृपया ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतजार करें। कास्टिंग फाइनल होने के बाद



प्रोड्यूसर्स एक स्टेटमेंट जारी करेंगे।" कल्कि 2898 एडी जून 2024 में रिलीज़ हुई थी। फिल्म ने दुनिया भर में 1042 करोड़ कमाए। प्रभास ने भैरव का रोल निभाया, अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का और कमल हासन ने विलेन सुप्रीम यास्किन का रोल निभाया।

## ओटीटी की दुनिया में नजर आएगी चाहत



**मुंबई।** टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में अपनी पहचान बना रही एक्ट्रेस चाहत पांडे ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डेब्यू किया है। हंगामा ओटीटी पर रिलीज हुई नई वेब सीरीज 'हसरतें सीजन 3' में उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है। उनका किरदार कई मायनों में महिलाओं की जटिल भावनाओं, उनकी इच्छाओं और उनके संघर्ष को बयां करता है। सीरीज के नए एपिसोड 'नया किराएदार' में चाहत पांडे ने स्मिता नाम की गृहिणी की भूमिका निभाई है। स्मिता एक ऐसी महिला है, जो अपने पति के अचानक गायब होने के बाद अकेली और भावनात्मक रूप से असुरक्षित महसूस करती है। उसे अपनी दबंग सास के साथ रहना पड़ता है, जिससे उसके जीवन में दबाव और भी बढ़ जाता है। समाज की निगाहें, ऑफिस में हो रहे उत्पीड़न और अपनी अधूरी इच्छाओं को दबाने की मजबूरी ने उसकी जिंदगी को थमा दिया है। लेकिन कहानी में बदलाव तब आता है, जब उसके घर में समर्थ नाम का एक युवा म्यूजिशियन किरायेदार बनकर आता है। उनकी बढ़ती दोस्ती स्मिता के भीतर छिपी हुई भावनाओं को फिर से जागृत करती है। जैसे-जैसे स्मिता समर्थ के करीब जाने लगती है, अचानक उसके पति की वापसी हो जाती है। स्मिता को अब यह तय करना होता है कि वह समाज की बनाई गई मर्यादाओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों में बंधी रहे या अपनी खुशी और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को चुने।

## मिर्जापुर: द फिल्म' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** 'मिर्जापुर: द फिल्म' का इंतजार फैंस काफी लंबे समय से कर रहे थे। वेब सीरीज के तीन सफल सीजन के बाद अब दर्शक यह जानने के लिए बेताब हैं कि ओटीटी से सिनेमाघरों तक पहुंचते हुए इस कहानी में क्या नया देखने को मिलेगा। इसी बीच फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हाल ही में मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर यह कन्फर्म कर दिया है कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। मेकर्स के मुताबिक फिल्म का आखिरी शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और अब प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में पहुंच चुका है। फिलहाल मेकर्स ने फिल्म की कहानी को लेकर कोई बड़ा खुलासा नहीं किया है। हालांकि, इंडस्ट्री रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म या तो सीरीज़ का प्रीक्वल हो सकती है या फिर उसी टाइमलाइन का एक अहम और बड़ा हिस्सा दिखा सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म का स्केल वेब सीरीज से कई गुना ज्यादा भव्य होगा। सत्ता की लड़ाई, खून-खराबा और मिर्जापुर की गद्दी के लिए एक नया और और भी खूनी खेल दर्शकों को देखने को मिल सकता है। बड़े पर्दे पर मिर्जापुर की दुनिया को और ज्यादा रॉ, इंटेंस और सिनेमैटिक तरीके से पेश किए जाने की पूरी तैयारी है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

### सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड वेतन 13000/- सुपरवाइजर वेतन 15000/- फील्ड अधिकारी वेतन 15000/- आवास मुफ्त, योग्यतानुसार वेतन **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019.** (RO-348)

### टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact **7999611198, 9131205196;** Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### टीचर/आयामदर

आवश्यकता है- हिंदी माध्यम के सेवार्थ संचालित गौकर्ण हायर सेकेंडरी स्कूल सेजबहार-घुसेरा, रायपुर में प्लेग्रुप से मिडिल तक पढ़ाने (पार्ट/फुलटाईम) टीचर, आयमदार, गेटकीपर चाहिए. शाकाहारी, संस्कारी, ग्रामीण गृहस्थ, आवेदकों को प्राथमिकता स्वीकृति पश्चात ही साक्षात्कार में आये **संपर्क 9977604440 (सुबह 8 से 9 तक) मानदेय व सुविधाएं योग्यतानुसार**(RO-0343)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- किताब दुकान मे कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता हैं। हेल्पर / शॉप के लिए -5 , कंप्यूटर अपरेटर - 2, पैकिंग/3, सेल्स मार्केटिंग - 3, की आवश्यकता है। **सदर बाजार रायपुर संपर्क करें- 8962444235.**(RO-6659)

### सुरक्षागार्ड

आवश्यकता है- G.S सिक्योरिटी को रायपुर के लिए सिक्योरिटी गार्ड की, सेलरी 13500/- रहने खाने की सुविधा फ्री **संपर्क करें:- 9993335387.**(RO-6662)

आवश्यकता है- तेलीबांधा, कटोरा तालाब, मोतीबाग, एम.जी. रोड, सरोना, चंदनडीह, हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क 9981144486.**(RO-6661)

### मार्केटिंग

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और सोलर एनर्जी की मार्केटिंग हेतु 40 युवक-युवतियों की। कार्यक्षेत्र:- बालोद और दुर्ग जिला। वेतन + कमीशन 15000/- से 45000/- **संपर्क करें- छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स बस स्टैंड बालोद , मो.नं. -9893466123, 9243429785.**(आरो न.-219)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु मेल फीमेल स्टाफ की कंप्यूटर अनुभवी **संपर्क करें - 7999527979. कोटा, रायपुर** (RO-493)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-28, 10th, 12th पास जो आगरा में काम कर सके वेतन 12,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र **संपर्क करे - इंटरव्यू परशुराम चौक चम्पा 9359941800, 9244274370.**(RO-526)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### अकाउन्टेंट

Requirment- Hiring for a Chartered Accountant (CA) office in Mowa area Raipur looking for Male Account Executive / Junior Accountant /Paid Assistant. Salary No bar.Phone No : **8770599560.**(RO-6663)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़के एंव लड़की की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार मुस्कान **सेल्स फूल चौक 9827107398.** (RO-6658)

आवश्यकता है- होलसेल बैडशीट-परदे की दुकान में काम हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। **संपर्क. कुशल टेक्सटाइल, 124, महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर मों. 7987607137.** (RO-0342)

### ऑफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 वर्ष वेतन 9000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें- 8085189675, 8962000161.** (Ro- 528)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) **संपर्क:- 7587708423.**(RO-511)

हरिभूमि क्लासीफाईड







### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



## बिजनेस साइट

# 12 नए मॉडल लॉन्च करेगी मर्सिडिज, रायपुर में भी डीलरशिप

रायपुर। लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने रायपुर में नए लग्जरी सेल्स शोरूम के उद्घाटन की घोषणा की। सिटी स्टार के माध्यम से मर्सिडीज-बेंज ने रायपुर में पहला 'मेबैक कॉर्नर' शुरू किया है। मर्सिडीज-बेंज 2026 में 12 नए उत्पाद लॉन्च करने की तैयारी में है। देशभर में 20 नए डीलरशिप भी शुरू किए जाएंगे। रायपुर पहुंचे मर्सिडीज के सेल्स एवं मार्केटिंग वाइस प्रेसिडेंट ब्रेंडन सिसिंग ने मंगलवार को इसका उद्घाटन किया। वाइस प्रेसिडेंट ने इस मौके पर कहा, मर्सिडीज-बेंज भारत में सबसे पसंदीदा लग्जरी ब्रांड बना हुआ है। वर्ष 2025 हमारे लिए राजस्व के लिहाज से अब तक का सर्वश्रेष्ठ वर्ष रहा है। हमारा फोकस 12 नए उत्पाद लॉन्च करने, अपने विनिर्माण आधार को मजबूत करने, चार्जिंग के पब्लिक इकोसिस्टम के विस्तार, नए बाजारों में प्रवेश करने और देशभर में अपने लग्जरी रिटेल नेटवर्क पर है। रायपुर मर्सिडीज-बेंज के लिए एक महत्वपूर्ण उभरता हुआ बाजार है। यहां लग्जरी ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



**बैटरी व्हीकल चार्जिंग की सुविधा**

कंपनी का कहना है कि राजधानी रायपुर में भी इस शो रूम के माध्यम से पेशेवरों की सुविधा प्रदान की जाएगी। टॉप-एंड वाहनों के लिए विशेष लाउंज, परामर्श क्षेत्र, क्यूरेटेड लाइफस्टाइल बुटीक एलिमेंट्स भी शामिल है। 'गो टू कस्टमर' रणनीति के अनुरूप इसे प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को विश्वस्तरीय लग्जरी रिटेल अनुभव उनके अपने शहर में कराना है। सिटी स्टार के प्रबंध निदेशक सुनील मध्यानि ने कहा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पोर्टफोलियो को बढ़ावा देने के लिए शोरूम में दो चार्जिंग बे के साथ 120 किलोवॉट डीसी फास्ट चार्जर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। रायपुर शोरूम में दो चार्जिंग बे के साथ 120 किलोवॉट का फास्ट चार्जर लगाया गया है, जिससे बीईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल) ग्राहकों को सुविधाजनक चार्जिंग सुविधा मिलेगी।

# बालको मेडिकल सेंटर ने मध्य भारत में आधुनिक कैंसर केयर को बनाया सशक्त



रायपुर। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर वेदांता लिमिटेड की पहल बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने मध्य भारत में आधुनिक, सुलभ और किफायती कैंसर केयर को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम उपलब्धि दर्ज की है। रायपुर स्थित 170 बेड्स वाले इस अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी सेंटर ने हाल ही मध्य भारत की सबसे जटिल कैंसर सर्जरियों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। बीएमसी के विशेषज्ञों ने बॉर्डरलाइन रिसेक्टेबल पैनक्रियाटिक कैंसर से पीड़ित 42 वर्षीय मरीज में पोर्टल वेन रीसेक्शन के साथ व्हिप्पल पैनक्रियाटिकोड्यु ओडेनेक्टोमी की, जो केवल चुनिंदा विशेषीकृत केंद्रों में ही संभव है। यह उपलब्धि सेंटर की चिकित्सकीय उत्कृष्टता को दर्शाती है। 2018 में स्थापना के बाद से अब तक बालको मेडिकल सेंटर में लगभग 65,000 मरीजों का इलाज किया जा चुका है, जबकि 12,000 से अधिक बड़ी सर्जरियां और 80,000 से ज्यादा कीमोथेरेपी सत्र दिए गए हैं। इसके साथ ही, 500 से अधिक सामुदायिक स्क्रीनिंग कैंप और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर कैंसर की जल्द पहचान और रोकथाम पर जोर दिया गया है। विश्व कैंसर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चेयरपर्सन मिस ज्योति अग्रवाल ने कहा कि कैंसर के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए जागरूकता, शीघ्र जांच और समय पर इलाज अत्यंत आवश्यक हैं। बीएमसी छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार को मरीजों के करीब लाकर देश में कैंसर केयर के अंतर को कम करने में अहम भूमिका निभा रहा है। वहीं, वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि शीघ्र निदान और सही समय पर निर्णय लेने से कैंसर के इलाज के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

# इट्सा हॉस्पिटल्स में दुर्लभ जबड़े के ट्यूमर का इलाज, 56 वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन

रायपुर। इट्सा हॉस्पिटल्स में डॉक्टरों ने 56 वर्षीय मरीज के निचले जबड़े में लंबे समय से पाई जा रही दुर्लभ सूजन का सफल इलाज कर एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। मरीज लगभग 10 वर्षों से जबड़े की भारी सूजन और चेहरे में विकृति से पीड़ित था, जिससे उसे बोलने, चबाने और निगलने में गंभीर परेशानी हो रही थी। विशेषज्ञों की टीम ने विस्तृत जांच और सीटी स्कैन के बाद सूजन को जायंट अमेलोब्लास्टोमा के रूप में पहचान किया, जो जबड़े की हड्डी का एक अत्यंत दुर्लभ और आक्रामक ट्यूमर है। ट्यूमर का आकार 14 सेंटीमीटर था और यह जबड़े के तीन-चौथाई हिस्से को प्रभावित कर चुका था। डॉ. अमित कुमार (ईएनटी एवं हेड एंड नेक सर्जन) और डॉ. गुरपाल सिंह छाबड़ा (प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन) की देखरेख में मरीज की जटिल सर्जरी की गई। ट्यूमर के साथ प्रभावित जबड़े का हिस्सा निकालने के बाद डॉ. छाबड़ा ने उन्नत माइक्रोसर्जरी तकनीक का उपयोग करते हुए मरीज के पैर की फिबुला हड्डी से जबड़े का सफल पुनर्निर्माण किया। पैर की कार्यक्षमता पर कोई असर नहीं पड़ा और चेहरे की संरचना पूर्णतः बहाल हो गई। सर्जरी के एक सप्ताह के भीतर मरीज बोलने और भोजन करने में सक्षम हो गया। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर सही विशेषज्ञ द्वारा इलाज जीवन बदलने वाला साबित हो सकता है और स्थायी विकलांगता से बचा जा सकता है। यह सफलता इट्सा हॉस्पिटल्स में उपलब्ध उन्नत चिकित्सा विशेषज्ञता और मल्टीडिसिप्लिनरी देखभाल का उत्कृष्ट उदाहरण है।



# एफएमजीई में आईएसएम मेडिकल कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के होनहार छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना साकार हुआ है। आईएसएम फोकल पॉइंट रायपुर के क्षेत्रीय संचालक शादाब एहमद ने बताया कि आईएसएम कॉलेज से छत्तीसगढ़ के 80 प्रतिशत छात्रों ने पहले ही प्रयास में एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन विद्यार्थियों ने किर्गिस्तान स्थित आईएसएम से एमबीबीएस की पढ़ाई की है और हाल ही में एफएमजीई क्वालिफाई कर देश में चिकित्सा सेवा का मार्ग प्रशस्त किया है। छात्रों ने इस सफलता का श्रेय आईएसएम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था तथा इंडियन फैकल्टी द्वारा दी गई पांच वर्षों की सघन एफएमजीई कोचिंग को दिया है। आईएसएम कॉलेज के संस्थापक डॉ. फणी भूषण पोटू पिछले बीस वर्षों से चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रहकर हजारों छात्रों के डॉक्टर बनने के सपने को साकार कर रहे हैं। आईएसएम फोकल पॉइंट रायपुर वर्ष 2003 से सेवाएं दे रहा है। अब तक 7000 से अधिक छात्र एफएमजीई पास कर चुके हैं, जिनमें 600 से अधिक डॉक्टर छत्तीसगढ़ के शासकीय व निजी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं।




### वित्त मंत्रालय ने कहा, बजट में की गई घोषणा, विदेशी कंपनियों को निश्चितता प्रदान करेगी

# भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने वाली विदेशी कंपनियों पर कोई कर जोखिम नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली विदेशी कंपनियों को 20 साल की कर छूट देने का बजट प्रस्ताव केवल उन्हीं कंपनियों पर लागू होगा, जिन्होंने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित किया है। ऐसे मामलों में इन विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि बजट की यह घोषणा उन विदेशी कंपनियों को भी निश्चितता प्रदान करेगी, जो भारत में डेटा सेंटर से क्लाउड सेवाएं और खरीद सेवाएं प्राप्त करने के कारोबार में हैं। सूत्रों ने कहा, '' अब भारतीय डेटा सेंटर वैश्विक क्लाउड इकाइयों को आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं दे सकते हैं क्योंकि इन वैश्विक इकाइयों को भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करने पर किसी कर जोखिम की आशंका नहीं रहेगी।

### क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों को मिलेगा फायदा




### सेवा ली जाने वाली कंपनी भारतीय होना चाहिए

दूसरी शर्त यह है कि भारत में जिस डेटा सेंटर कंपनी से सेवाएं ली जा रही हैं, वह एक भारतीय कंपनी हो। तीसरी शर्त यह है कि डेटा सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अधिसूचित हो। विदेशी कंपनी का भारतीय उपयोगकर्ताओं को सेवाएं एक भारतीय 'रीसेलर' इकाई (जो कि एक भारतीय कंपनी हो) के माध्यम से प्रदान करना चौथी शर्त है।

### कंपनियों के वैश्विक आय पर भारत में नहीं लगेगा कर

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा, '' इस आधार पर विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा।'' प्रस्ताव को स्पष्ट करते हुए सूत्रों ने बताया कि कर छूट का लाभ उठाने के लिए विदेशी कंपनी को चार आवश्यक शर्तें पूरी करनी होंगी। पहली शर्त यह है कि विदेशी कंपनी अधिसूचित हो।

### 350 विदेशी कंपनियों ने कराया पंजीयन

कंपनी अधिनियम के अनुसार, विदेशी कंपनियां वे होती हैं जिनका गठन भारत के बाहर हुआ हो और जिनका भारत में व्यवसाय स्थल हो। ये कंपनियां विदेशी पूंजी से स्थापित होती हैं। 2020 से 2024 के बीच विभिन्न क्षेत्रों की करीब 350 विदेशी कंपनियों ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में पंजीकरण कराया है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हुई शुरू




मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया। यह बैठक अर्थव्यवस्था में वृद्धि पर केंद्रित आम बजट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है, जिससे बाजार की धारणा मजबूत हुई है। मौद्रिक नीति समिति का फैसला शुक्रवार सुबह गवर्नर मल्होत्रा द्वारा घोषित किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले फरवरी से अब तक प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.25 प्रतिशत अंक की कटौती कर दी है और चूंकि फिलहाल न तो वृद्धि और न ही मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता है, इसलिए इस बार दरों में यथास्थिति बनाए रखी जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया, ''हमारा यह भी मानना है कि आरबीआई ने अब ब्याज दरों में कटौती करना बंद कर दिया है, लेकिन वह अपने तरलता प्रावधानों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जारी रखेगा।

# टाटा पावर का लाभ मामूली बढ़कर 1,194 करोड़

**नई दिल्ली।** टाटा पावर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली रूप से बढ़कर 1,194 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व में कमी के बावजूद कंपनी के मुनाफे में यह बढ़त दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी को 1,188 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal
MD, DM (Cardiology)
Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
ओपीडी 50% OFF
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130


# कोपा डेल रे : बार्सिलोना लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में, अल्बासेटे को हराया



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।

बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।



# इंग्लिश लीग कप: आर्सेनल ने चेल्सी को हराया, फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। काई हावर्ट्ज ने खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में अपने पूर्व क्लब के खिलाफ स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0 से हराया। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-2 के अंतर से जीत हासिल की। आर्सेनल की टीम ने 2020 से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन इस सत्र में उसने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी टीम प्रीमियर लीग में छह अंकों की बढ़त के साथ 2004 के बाद पहली बार इंग्लिश चैंपियन बनने की दौड़ में है और लगातार आठ जीत के बाद चैंपियंस लीग तालिका में भी शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में भी पहुंच गया है। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में आर्सेनल का मुकाबला 22 मार्च को मैनचेस्टर सिटी या न्यूकैसल से होगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद 2-0 से आगे है।

## खबर संक्षेप



### रोहित-कोहली को खेलना जारी रखना चाहिए : धोनी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, 'माफ़ कीजिए, सवाल क्या है।' लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, 'क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।' उन्होंने कहा, ''जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था।

### 14 फरवरी को आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन



**आइजोल।** दूसरी आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन (एआईएचएम) 14 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मिजोरम के खेल मंत्री लालनघिंगलोवा हमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाफ मैराथन में देश भर के प्रमुख खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौड़ की शुरुआत राजीव गांधी स्टेडियम से होगी और इसका समापन भी वहीं पर होगा। पहली आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन का आयोजन पिछले साल अप्रैल में किया गया था, जिसमें देश भर से 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। हमार ने कहा, 'आइजोल के पास सैरांग तक रेलवे नेटवर्क के विस्तार के बाद हम देश भर से एथलीटों और दर्शकों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं।'

### भारत ने भूटान को हराया, फाइनल में प्रवेश

**पोखरा।** भारत की अंडर-17 महिला टीम ने सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भूटान को 8-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के लिए पर्ल फर्नांडिस (16, 39, 41वें मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक लगाई जबकि प्रीतिका बर्मन (25, 90वें मिनट) ने भारत के लिए दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। अलीशा लिंगदोह (छठे), अभिस्ता बसनेट (10वें), और दिव्यानी लिंडा (17वें) ने एक-एक गोल किया। वहीं बांग्लादेश ने दिन के दूसरे मैच में मेजबान नेपाल को 4-0 से हराया। भारत तालिका में तीन मैच में छह अंक के साथ बांग्लादेश से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा।

## अंडर 19 वर्ल्ड कप: सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, अब इंग्लैंड से भिड़ंत

# 10वीं बार फाइनल में भारत, अफगानिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड चेज, आरोन का शतक

एजेंसी ▶▶| हरारे

आरोन जॉर्ज की शतकीय पारी के साथ भारत ने अंडर 19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल-2 में अफगानिस्तान के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ टीम इंडिया ने 10वीं बार खिताबी मुकाबले में जगह बना ली है, जहां उसका सामना 6 फरवरी को इंग्लैंड से होगा। बुधवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए अफगानिस्तान ने 4 विकेट खोकर 310 रन बनाए। आरोन जॉर्ज 104 गेंदों में 2 छक्कों और 15 चौकों के साथ 115 रन बनाए।

### शिनोजादा और नियाजी ने खेली शतकीय पारी

अफगानिस्तान टीम को उस्मान सादात और खालिद अहमदजई की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। अहमदजई 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे।सादात ने फैसल शिनोजादा के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 117 के स्कोर तक पहुंचाया। सादात ने 39 रन टीम के खाते में जोड़े।शिनोजादा 93 गेंदों में 15 चौकों के साथ 110 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि उजैरउल्लाह नियाजी ने 86 गेंदों में 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ 101 रन की नाबाद पारी खेली। भारत की तरफ से दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।




### सूर्यवंशी और जॉर्ज ने की 90 रन की साझेदारी

विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 41.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। वैभव सूर्यवंशी ने आरोन जॉर्ज के साथ 9.3 ओवरों में 90 रन की साझेदारी की। वैभव 33 गेंदों में 68 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 9 चौके शामिल थे। इसके बाद जॉर्ज ने कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रन जुटाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया। कप्तान म्हात्रे 59 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 62 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद जॉर्ज ने विहान मल्होत्रा के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 रन जुटाकर भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। जॉर्ज 104 गेंदों में 2 छक्कों और 15 चौकों के साथ 115 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद विहान मल्होत्रा ने 47 गेंदों में 38 रन की नाबाद पारी खेलते हुए भारत को आसान जीत दिलाई। अफगानिस्तान की तरफ से नूरिस्तानी उमरजई ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए, जबकि वहीदुल्लाह जादरान ने 1 विकेट चटकाया।

### वैभव ने अंडर 19 वर्ल्ड कप में तीसरी बार लगाया अर्धशतक

वैभव ने अंडर 19 वर्ल्ड कप में तीसरी बार अर्धशतक लगाया और यह उनका इस इवेंट में दूसरा सर्वोच्च स्कोर रहा। उन्होंने इससे पहले बांग्लादेश के सामने 72 और जिम्बाब्वे के खिलाफ 52 रन की पारी खेली थी। इन मुकाबलों के अलावा पाकिस्तान (30), न्यूजीलैंड (40) के खिलाफ भी उन्हें अच्छी शुरुआत मिली थी लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे। अफगानिस्तान के सामने 33 गेंदों में 68 रन की पारी के जरिए वैभव अंडर 19 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उनके नाम छह मैच में 44 की औसत व 147 की स्ट्राइक रेट से 264 रन हो गए। उनके बाद अभिज्ञान कुंडु हैं, जिन्होंने चार पारियों में 199 रन बनाए। वैभव अंडर 19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने छह मैच में 15 छक्के लगाए हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप वार्म-अप

# भारत ने साउथ अफ्रीका को 30 रन से हराया




एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

इशान किशन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हरा दिया। भारत के 241 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 45), रियान रिकेल्टन (44), एडेन मारक्रम (38), जेसन स्मिथ (35) और मार्को यानसेन (31) की पारियों के बावजूद सात विकेट पर 210 रन ही बना सकी। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। इशान ने इससे पहले 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों से 53 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक शर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने पांच विकेट पर 240 रन बनाए। चोट के बाद वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 45 रन की पारी खेली। क्षरपटेल (नाबाद 35), कप्तान सूर्यकुमार यादव (30) और हार्दिक पंड्या (30) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### साउथ अफ्रीकी टीम ने 100 के स्कोर पर गंवाए 5 विकेट

इसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 7 विकेट खोकर 210 रन ही बना सकी। मेहमान टीम ने पहले ओवर की अंतिम गेंद पर जॉर्ज लिंडे (0) का विकेट खो दिया था। यहां से कप्तान एडेन मार्करम (38) ने रायन रिकेल्टन (44) के साथ दूसरे विकेट के लिए 30 गेंदों में 66 रन की साझेदारी करते हुए पारी को संभाला, लेकिन इस जोड़ी के टूटते ही टीम बिखर गई।

# टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर टीम इंडिया, ईशान ने लगाई छलांग

ईशान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों में खेली 76, 28 और 103 रन की पारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने आईसीसी मेंस टी20 रैंकिंग में 32 पायदान की जबरदस्त छलांग लगाई है। वह 64वें स्थान से 32 पायदान की छलांग लगाकर सीधे 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि पाकिस्तान के सैम अयूब ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं टीम रैंकिंग की बात करें तो टीम इंडिया टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर बनी हुई है।

ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के साथ लंबे वक्त बाद भारतीय टीम में स्थान मिला। उन्होंने सीरीज के तीन मुकाबलों में 76, 28 और 103 रन की पारी खेली। कुल 207 रन बनाने के साथ ईशान ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक भी लगाया। इस शानदार बल्लेबाजी के साथ ईशान टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले 32वें स्थान पर पहुंच गए।

### सूर्यकुमार ने फरहान को पछाड़ा, पहुंचे छठे स्थान पर

बल्लेबाजों की सूची में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पछाड़कर छठे स्थान पर आ गए हैं। वहीं, ओपनर अभिषेक शर्मा टॉप पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के ओपनर सैम अयूब ने हाल ही में खत्म हुई ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद टी20 फॉर्मेट की ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप स्थान हासिल किया है। 23 वर्षीय अयूब ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध सीरीज में 119 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए। उन्होंने इस शानदार खेल के साथ जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पछाड़कर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया है।

### गेंदबाजों में अबरार दूसरे स्थान पर

गेंदबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के मुख्य स्पिनर, अबरार अहमद महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गए। यह दाएं हाथ का गेंदबाज शीर्ष पायदान पर मौजूद वरुण चक्रवर्ती से सिर्फ 28 अंक पीछे है।

# टीम इंडिया की शानदार शुरुआत, म्यांमार को हराया

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला टीम ने ग्रुप वाई के अपने पहले मुकाबले में म्यांमार को 5-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। तन्वी शर्मा ने सबसे पहले कोर्ट में उतरकर थेट हटर थुजार को केवल 32 मिनट में 21-13 21-16 से हराया। इसके बाद रक्षिता श्री संतोष रामराज ने दूसरे एकल में ऐंट चिट फू को 21-12 21-6 से हराकर भारत को 2-0 से बढ़त दिला दी।

**मालविका ने की जीत सुनिश्चित :** मालविका बंसोड ने तीसरे एकल मुकाबले में लिन लिन हेट को 21-19 21-12 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारत ने इसके बाद युगल मुकाबलों में भी दबदबा बरकरार रखा और दोनों मैच सीधे गेम में जीते। प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी ने सु लैट और थेट हटर थुजार को 21-15 21-16 से हराया। इसके बाद त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को हेट और फू की जोड़ी को 21-8 21-6 से हराने में कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी।


यूनियन बैंक Union Bank of India — शाखाः सिंधिया नगर शाखा, सुपेला शाखा (छ.ग.)

**परिशिष्ट–IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)**

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्युर्टी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सिंधिया नगर शाखा, सुपेला शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है।

विशेष रुप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है।

| अ. उधारकर्ता का नाम<br>ब. शाखा का नाम | संपत्तियों का विवरण | 1. मांग सूचना की तिथि<br>2. मांग सूचना राशि रु<br>3. कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **ऋणी- कृष्णा देवी सपहा पति फत्ते लाल, फत्ते लाल सपहा पुत्र मेहतर लाल सपहा, दोनों का पताः** मकान नं. 130के, वार्ड नं. 4, गली नं. 5, गया नगर दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001<br>**शाखाः सिंधिया नगर, दुर्ग (छ.ग.)** | **स्वामित्व- कृष्णा देवी सपहा**, ख. नं. 855/8, प.ह.नं. 24. सामुदायिक भवन के पीछे, मारापारा, गया नगर, वार्ड नं. 5, जिला-दुर्ग, क्षेत्रफल- 1764 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन। | 21/11/2025<br>₹ 8,06,610.5 + 10/11/2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क<br>04/02/2026 |
| **ऋणी- मोहम्मद नौमान अशरफ,** मकान नं. 115, वार्ड नं.-24, दीपक नगर, निरंकारी भवन के पास, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001<br>**शाखाः घड़ी चौक, सुपेला (छ.ग.)** | **मोहम्मद नौमान** के नाम पर संपत्ति प्लॉट नंबर 01 ख.नं. 247/11, प.ह.नं. 42, मौजा- उमरपोटी, आरएनएम- उतई, जिला-दुर्ग, क्षेत्रफल-1980 वर्ग फीट में स्थित डायवर्टेड भूमि और निर्माणाधीन आवासीय भवन। | 11/11/2025<br>₹ 10,90,876.1 + 30/09/2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क<br>29/01/2026 |

दिनांकः 04.02.2026, स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया



FORM NO.
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur- 482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

RC/396/2024 19.01.2026

IDBI BANK
Versus
BISAHU SAHU

To,
**(CD1) BISAHU SAHU**
VILL-KHAPRI, GRAM-PANCHAYAT, PARASBOD, DIST-DURG (C.G.)-491331
**(CD2) CHAINLAL SAHU**
VILL-KHAPRI, GRAM-PANCHAYAT-PARASBOD, TEH-DHAMDHA, DURG (C.G.)-491331

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **16/09/2024** in **OA/671/2022** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 2473013.61 (Rupees Twenty Four Lakhs Seventy Three Thousands Thirteen And Paise Sixty One Only)** along with pendentellite and future interest @ 10% w.e.f. **23/05/2022** till realization and costs of **Rs 27000 (Rupees Twenty Seven Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **13/03/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property-**
Agriculture Land Survey No.-87/2 area 0.43 hect.; 88/1 area 0.39 hect.; 114/3 area 0.51 hect.; 147/2 area 0.06 hect.; 149/2 area 0.41 hect.; 197 area 0.16 hect.; 200/1 area 0.19 hect: 616/3 area 0.15 hect; 617/3 area 0.52 hect.; 616/6 area 0.22 hect, total area 3.04 hectare, situated at Village-Khapri, Tehsil-Dhamdha, Patwari Halka No.-13, RIC-13, District-Durg (C.G.); belonging to Shri Bisahu S/o Lt. Jivrakhan Sahu.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **19/01/2026**

SEAL Recovery Officer DRT, Jabalpur



SBI भारतीय स्टेट बैंक — क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.) — आम सूचना

**एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, रायपुर, की पी.बी.बी. सिविल लाईन शाखा के लिए व्यवसायिक परिसर की आवश्यकता**

पी.बी.बी. सिविल लाईन शाखा, रायपुर (अनुमानित 2800 से 3000 वर्गफीट निर्मित क्षेत्र / निर्माणाधीन परिसर, भूतल पर, मेन रोड पर) जिला रायपुर के लिए पट्टे किराया आधार पर व्यवसायिक परिसर (प्रमुखतः भूतल, भवन में पार्किंग एवं दिव्यांग जन/ वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु रैम्प / लिफ्ट का प्रावधान होना चाहिए) हेतु मालिकाना पॉवर ऑफ़ एटॉर्नी धारकों से उसी परिक्षेत्र के 1 कि.मी. परिधि के अंतर्गत निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।अन्य विवरणों तथा निविदा कागजात (तकनीकी बोली एवं मूल्य बोली) डाउनलोड करने हेतु कृपया बैंक की वेबसाईट www.sbi.co.in पर लिंक "Procurement News" के अंतर्गत दिनांक 05.02.2026 से 21.02.2026 के बीच लॉग इन करें, इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा बैंक में दिनांक 21.02.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक सील बंद लिफाफे में पूर्ण जानकारी सहित निम्न पते पर प्रस्तुत करें- भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, बैरन बाजार, रायपुर। विशेष जानकारी हेतु उक्त कार्यालय में दिनांक 05.02.2026 से 21.02.2026 के बीच संपर्क करें। भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) में निविदाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.02.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक होगी।

दिनांक : 05.02.2026, स्थान : रायपुर क्षेत्रीय प्रबंधक



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda — क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992 ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**


यत: बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अत: एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता/जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अमलेश्वर शाखा महादेवघाट रोड, अमलेश्वर 9752410741 | श्री चन्द्रशेखर वर्मा पिता श्री डोमार वर्मा | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल आवासीय परिवर्तित भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं.- 168/1 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं.- 168/17, प.ह.नं.- 58, आर.एन.एम.-रायपुर-13 (नया वार्ड नं.- 22 पं. ईश्वरी चरण शुक्ल), प्लाट क्षेत्रफल- 1488 वर्गफीट स्थित मौजा डंगनिया, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) पंजीकृत उप-जिला रायपुर एवं जिला- रायपुर, छ.ग. सीमाएं: उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि, पूर्व: रोड, पश्चिम: लोकमान्य सोसाइटी का मकान. | 10.10.2025 रु. 40,62,834.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 31.01.2026 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।

हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।

दिनांक:05.02.2026, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा





# धरती से इंसानों को खत्म करने के लिए काफी हैं महज 100 परमाणु बम

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति और सबसे बड़ी खतरे की वजह बन चुका है। आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां परमाणु हथियारों का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या धरती पर मौजूद परमाणु हथियार पूरी दुनिया को पूरी तरह से खत्म करने में सक्षम हैं? और सवाल ये भी उठता है कि पूरी दुनिया को खत्म करने के लिए कितने परमाणु हथियारों की जरुरत होगी? चलिए इस सवाल का जवाब जानते हैं।



## पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली

परमाणु हथियार इतने शक्तिशाली होते हैं कि एक ही बम हिरोशिमा और नागासाकी जैसे शहरों को पूरी तरह से तबाह कर सकता है। आज के समय में परमाणु हथियार पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली हो गए हैं। इन हथियारों से निकलने वाली विनाशकारी ऊर्जा इतनी ज्यादा होती है कि यह पूरे शहरों को ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्रों को भी तबाह कर सकती है। दुनिया के प्रमुख देशों जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान, और उत्तर कोरिया के पास हजारों परमाणु हथियार हैं। इन देशों ने न केवल अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु बमों का भंडार बढ़ाया है, बल्कि युद्ध की संभावनाओं को लेकर भी इनका इस्तेमाल किया है। हालांकि परमाणु अप्रसार संधि और अन्य अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के बावजूद, परमाणु हथियारों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है।

## 100 परमाणु बम एक साथ चलाए जाएं तो क्या होगा?

जब कोई परमाणु बम गिरता है, तो वह नाइट्रोजन और ऑक्सीजन के साथ मिलकर रेडियेशन, गर्म तापमान और धुएं का एक घना बादल बना देता है। इसके प्रभाव में आते ही हजारों लोग तत्काल मर सकते हैं। इसके बाद जो लोग बच जाते हैं, वो भी लंबे समय तक रेडियेशन के प्रभाव में रहते हैं, जो कैंसर, डीएनए म्यूटेशन और अन्य खतरनाक बीमारियों का कारण बन सकता है। जब 100 परमाणु बमों का इस्तेमाल किया जाता है, तो इसका प्रभाव केवल उस क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता. वैज्ञानिकों के अनुसार, परमाणु विस्फोट से उत्पन्न होने वाली ग्लोबल कूलिंग और न्यूक्लियर सर्दी के कारण धरती का तापमान तेजी से गिर सकता है। इस स्थिति में सूर्य की रोशनी पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाती और पूरी दुनिया में अकाल और खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है। अगर इतना बुरा दौर आता है, तो धरती पर जीवन की संभावनाएं बेहद कम हो सकती हैं।

# 521 भाषाओं में बेटे को कहा 'आईलवयू'

**पेरिस।** प्यार की कोई भाषा नहीं होती, यह बात अक्सर कही जाती है, लेकिन डेनमार्क के एक पिता ने इसे सच कर दिखाया है। एक संगीतकार पिता ने अपने नन्हे बेटे के लिए ऐसा तोहफा तैयार किया, जो न सिर्फ दिल को छूता है बल्कि इतिहास भी रचता है। 41 वर्षीय फिलिप हॉलौन ने अपने बेटे के पहले जन्मदिन पर एक ऐसा गीत बनाया, जिसमें उन्होंने 521 अलग-अलग भाषाओं में 'आई लव यू' कहा। अपनी गहरी भावनाओं को जाहिर करने का यह अनोखा प्रयास अब विश्व रिकॉर्ड बन चुका है और दुनियाभर में माता-पिता के प्रेम की नई मिसाल पेश कर रहा है।

फिलिप हॉलौन पेशे से एक संगीतकार और रचनात्मक उद्यमी हैं। गायकों के लिए आवाज उनकी सबसे बड़ी पूंजी होती है और हॉलौन ने इसी आवाज को अपने बेटे विलियम के लिए प्रेम का माध्यम बनाया। बेटे के पहले जन्मदिन पर उन्होंने ऐसा गीत तैयार किया, जिसमें हर पंक्ति एक ही भावना जाहिर करती है वह है पिता का अटूट प्यार।



## 521 भाषाओं के पीछे छिपा खास अर्थ

हॉलौन ने 521 भाषाओं का चुनाव यूं ही नहीं किया। दरअसल, उनके बेटे विलियम का जन्म 21 मई को हुआ था। पहले उन्होंने 500 भाषाओं में गीत बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन बेटे की जन्मतिथि को यादगार बनाने के लिए उसमें 21 और भाषाएं जोड़ दीं। इस तरह यह संख्या सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि पिता और बेटे के रिश्ते से जुड़ी एक भावनात्मक कहानी भी बन गई।

## विश्व रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

इस गीत के साथ फिलिप हॉलौन ने 'सबसे ज्यादा भाषाओं में गाया गया गीत' का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। यह रिकॉर्ड इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें तकनीक के साथ-साथ इंसानी मेहनत, संवेदना और समर्पण की झलक साफ दिखाई देती है। हर भाषा में सही उच्चारण के साथ सुर में गाना आसान काम नहीं था, फिर भी हॉलौन ने इसे संभव कर दिखाया।

## सिर्फ बेटे के लिए नहीं, पूरी दुनिया के लिए

हालांकि यह गीत खास तौर पर विलियम को समर्पित है, लेकिन हॉलौन मानते हैं कि इसका असर कहीं ज्यादा व्यापक है। उनका कहना है कि वे चाहते हैं यह गीत एक प्रेरक मंत्र की तरह काम करे। ऐसा गीत, जो लोगों के दिलों में प्यार जगाए, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

## परिवार में आने वाली है नई खुशी

इस भावुक कहानी में खुशखबरी का सिलसिला यहीं नहीं रुकता। फिलिप हॉलौन की पत्नी डीना जल्द ही दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। ऐसे में यह गीत सिर्फ पहले बच्चे के लिए बनाया गया तोहफा नहीं, बल्कि उनके बढ़ते परिवार के प्यार का प्रतीक भी बन गया है। 521 भाषाओं में गाया गया यह गीत सिर्फ एक विश्व रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि पिता और बेटे के बीच के रिश्ते की गहराई का खूबसूरत उदाहरण है।

# बुजुर्ग ने जहरीले कोबरा को मुंह में दबाकर किया स्टंट

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर से एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है। इसे देखने के बाद लोगों के होश उड़ गए हैं। यहां पर एक शख्स ने जहरीले कोबरा सांप को सीधे मुंह से पकड़ लिया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि शख्स के पास न तो सांप पकड़ने वाला कोई औजार था और न ही उसके चेहरे पर कोई डर। मुंह से सांप को पकड़ने वाला वीडियो रोंगटे खड़े करने वाला है। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर वीडियो को शेयर किया जा रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि शख्स सांप के सामने बैठता है और उसे मुंह से पकड़ने की कोशिश करता है। इस दौरान सांप उसपर कई बार हमला भी करता है। इसके बाद भी शख्स डरता नहीं है और सांप को अपने मुंह पकड़ लेता है। इसके बाद वो उसे मुंह में दबाकर वहां खड़े लोगों के सामने दिखाता है। इस दौरान उसके पास एक शख्स आता है और उससे कोबरा सांप को लेने की कोशिश करता है। हालांकि, वो उसे देने से मना कर देता है और कुछ कहता है।



# मुझे लड़की बना दो... एम्स में हर साल आ रहे 300 नए मरीज

**नई दिल्ली।** समाज में ट्रांसजेंडरों के साथ व्यवहार जग-जाहिर है, उन्हें अलग तरह से ट्रीट किया जाता है क्योंकि उनका शरीर तो अलग जेंडर प्रदर्शित करता है लेकिन उनकी सोच दूसरे जेंडर की तरह व्यवहार करती है। एम्स के डॉक्टरों की मानें तो ट्रांसजेंडर या नॉन-बाइनरी व्यक्ति भी किसी अन्य बच्चे की तरह ही जन्म लेते हैं। जैसे लड़के-लड़के के रूप में और लड़कियां-लड़की के रूप में पैदा होती हैं, वैसे ही ये बच्चे भी शारीरिक रूप से सामान्य होते हैं लेकिन धीरे-धीरे उन्हें यह एहसास होता है कि उनकी जेंडर पहचान उनके जन्म के समय निर्धारित लिंग से मेल नहीं खाती. उन्हें लगता है कि उन्हें अलग तरह से लड़का या लड़की होना चाहिए था, और इसी सोच के साथ वे एम्स नई दिल्ली के ट्रांसजेंडर क्लीनिक में आते हैं, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## क्या सर्जरी और काउंसलगि की भी पड़ती है जरूरत?

जेंडर बदलाव की इस प्रक्रिया में सिर्फ एंडोक्राइनोलॉजी ही नहीं बल्कि साइकेट्री और सर्जरी की भी विशेष भूमिका होता है। एम्स दिल्ली में साइकेट्री विभाग के प्रमुख प्रो. प्रताप सरन ने बताया कि क्लिनिक तीन चरणों में मूल्यांकन करता है। उन्होंने कहा, 'पहले हम यह तय करते हैं कि जेंडर असंगति मौजूद है या नहीं. दूसरे चरण में कम से कम एक साल तक व्यक्ति को मॉनिटर किया जाता है ताकि उनकी जेंडर पहचान में निरंतरता सुनिश्चित हो सके. इस अवलोकन अवधि में रियल-लाइफ या सामाजिक ट्रांजिशन भी शामिल होता है। प्रो. सरन ने समझाया कि व्यक्ति को उस जेंडर के रूप में सामाजिक जीवन जीना और कार्य करना होता है, जिससे वह खुद को जोड़ता है।

## किन अंगों की सर्जरी संभव होती है?

वहीं सर्जरी को लेकर एम्स दिल्ली के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रो. मनीष सिंघल ने बताया कि जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी मरीज की जरूरतों के अनुसार कई चरणों में की जाती है। इनमें स्तन सर्जरी से लेकर जटिल जननांग पुनर्निर्माण, जिसमें पेनिस रिकंस्ट्रक्शन भी शामिल है, जैसी प्रक्रियाएं हो सकती हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कवर की जाती हैं, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ काफी कम हो जाता है। एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि हर साल बड़ी संख्या में नए पंजीकरण और फॉलो-अप मरीजों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए दीर्घकालिक और निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com